# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 6 अगस्त 2025

संवत 2082, श्रावण शुक्ल 13 संवत मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 333 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ स्कूल छोड़ती बेटियाँ : संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक

अब सुपर डांसर का मंच बनाएगा उन्हें सुपरस्टार ◂◂ 6


# मानहानि मुकदमें में राहुल गांधी को बड़ी राहत, कोर्ट ने दी सशर्त जमानत

संवाददाता

**चाईबासा:** मानहानि मुकदमें में चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी है। राहुल गांधी चाईबासा के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। वह सुबह करीब 10 बजे हेलीकॉप्टर से टाटा कॉलेज मैदान में उतरे। उसके बाद चाईबासा परिसदन में करीब 45 मिनट इंतजार करने के बाद वह वहां से चाईबासा सिविल कोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एमपी एमएलए कोर्ट में न्यायाधीश सुप्रिया रानी तिग्गा के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

वहीं राहुल गांधी के वकील प्रणव दरीपा ने बताया कि 2018 में राहुल गांधी के उपर मानहानि का केस किया गया था। हाईकोर्ट का निर्देश था कि 6 अगस्त को राहुल गांधी चाईबासा कोर्ट में पेश होंगे और बेल लेंगे। जिसके बाद आज राहुल गांधी हाजिर हुए। जमानत याचिका दाखिल की जा चुकी थी। जिसके बाद कोर्ट ने सशर्त बेल दे दिया है।



पूरे मामले पर शिकायतकर्ता के वकील विनोद कुमार साहू ने कहा कि कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि आपके खिलाफ ऐसे-ऐसे आरोप लगे हैं, आपने बीजेपी नेताओं के लिए ऐसा बयान दिया है। क्या आपने ऐसा कहा है? इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

वकील ने कहा कि ये पूरी तरह से गलत है। राहुल गांधी जैसे विपक्ष के नेता को इस तरह का झूठ बोलना शोभा नहीं देता। उनका भाषण अभी भी कांग्रेस की वेबसाइट पर है। हमने इसे कोर्ट में जमा कर दिया है। लेकिन कोर्ट में राहुल गांधी ने साफ इनकार कर दिया कि मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है। कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। अब गवाही की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने उन्हें इस शर्त पर जमानत दी है कि वे जांच में सहयोग करेंगे। आपको बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 6 अगस्त को चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होना था। राहुल गांधी ने 2 जून को विशेष अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें उन्हें 26 जून को पेश होने का निर्देश दिया गया था।

राहुल गांधी के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि उनके मुवक्किल उस दिन पेश नहीं हो पाएंगे और इसके बजाय उन्होंने हाईकोर्ट से राहुल को चाईबासा कोर्ट में पेश होने के लिए 6 अगस्त के बाद की तारीख देने का अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

दरअसल, चाईबासा के भाजपा नेता प्रताप कुमार कटियार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 2018 में चाईबासा में आयोजित एक रैली में भाजपा नेताओं के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के लिए मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

सांसद ने अपनी याचिका में पहले ही उल्लेख किया था कि उन्होंने मामले के इस चरण में चाईबासा अदालत में पेशी से छूट के लिए पहले ही याचिका दायर कर दी है। राहुल गांधी की याचिका में कहा गया था कि पेशी से छूट की याचिका उच्च न्यायालय में लंबित है। इस दौरान राहुल गांधी के साथ सुबोधकांत सहाय, बन्ना गुप्ता आदि मौजूद थे।

# पीएलएफआई कमांडर 15 लाख इनामी मार्टिन केरकेट्टा मुठभेड़ में ढेर

संवाददाता

**गुमला :** गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मंगलवार की देर रात हुई मुठभेड में पीएलएफआई कमांडर 15 लाख इनामी मार्टिन केरकेट्टा को मुठभेड़ में मार गिराया है। उसके पास से हथियार बरामद किया गया है।

**गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चलाया अभियान :** जानकारी के मुताबिक, एसपी हरिश बिन जमा को कामडारा थाना क्षेत्र के चंगाबाड़ी ऊपरटोली में पीएलएफआई उग्रवादी के छिपे होने की सूचना मिली थी। जिसके आधार पर एक टीम गठित कर अभियान शुरू किया गया।

जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची उग्रवादियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस की टीम ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान पीएलएफआई उग्रवादी संगठन का कमांडर मार्टिन केरकेट्टा मारा गया।

ये थे ऑपरेशन टीम में शामिल

ऑपरेशन टीम में गुमला जिले की नक्सली क्यूआरटी और दो थाना क्षेत्रों के साथ-साथ स्थानीय थाना बल भी शामिल थे।



दिनेश गोप के पकड़े जाने के बाद मार्टिन संभाल रहा था संगठन की जिम्मेवारी

बता दें कि मार्टिन केरकेट्टा मूल रूप से गुमला जिले के कामडारा के रेड़मा गांव का निवासी था। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पकड़े जाने के बाद उस पर संगठन की जिम्मेवारी थी। मार्टिन पीएलएफआई के केंद्रीय समिति का सदस्य था।

**दिनेश और मार्टिन बचपन में पढ़े हैं साथ :** मार्टिन शुरूआती दिनों से ही दिनेश गोप के साथ रह रहा था। दोनों बचपन में लापुंग के महुगांव स्थित स्कूल में एक साथ पढ़े थे। बाद में दोनों ने एक साथ संगठन का विस्तार भी किया। मार्टिन कई घटनाओं में दिनेश गोप के साथ शामिल रहा है। सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम रखा था।

# तेज रफ्तार ने ली एक की जान



संवाददाता

**केंदुआ :** धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर आज बुधवार की सुबह एक बार फिर रफ्तार का कहर टूटा और एक जिंदगी असमय थम गयी। केंदुआडीह थाना क्षेत्र के श्रीराम टी एंड स्वीट्स दुकान के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने एक दिहाड़ी मजदूर को कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय जगदीश सिंह के रूप में हुई है।

**टहलने निकले थे जगदीश सिंह :** यह दर्दनाक घटना सुबह करीब 6 से 6.45 बजे के बीच की है। सुबह जगदीश सिंह रोजाना की तरह टहलने निकले थे और डिवाइडर के कट से सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान धनबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि उनका सिर बुरी तरह कुचल गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। मजदूर को टक्कर मारने के बाद चालक हाइवा लेकर मौके से फरार हो गया। मजदूर का शव देख मौके पर मौजूद लोग सन्न रह गये। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक की पत्नी सोनी देवी समेत परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है।

**धनबाद-केंदुआ मार्ग पूरी तरह जाम :** घटना के विरोध में आक्रोशित स्थानीय लोग सड़क पर उतर आए और धनबाद-केंदुआ मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने हाइवा संचालन पर रोक लगाने, चालक की गिरफ्तारी और हाइवा मालिक को बुलाकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। जाम के कारण मुख्य मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी।

**लोगों को समझाने पहुंचीं पुलिस :** घटना की सूचना पाकर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय और सब इंस्पेक्टर धीरज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। इसके अलावा पुटकी के अंचलाधिकारी विकास आनंद भी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने-बुझाने में जुटे रहे। इस बीच धनबाद केंदुआ मुख्यमार्ग से आने-जाने वाली गाड़ियां स्वतः दूसरे बाई पास रास्ते की ओर चली गयी।

# हिमाचल के किन्नौर में फटा बादल, कैलाश यात्रा पर लगी ब्रेक

## आईटीबीपी ने 413 तीर्थयात्रियों को ज़िपलाइन से बचाया

संवाददाता

**हिमाचल :** हिमाचल प्रदेश एक बार फिर प्रकृति के कहर का शिकार हुआ है। किन्नौर जिले के तंगलिंग गांव में बुधवार को बादल फटने से पहाड़ों से मलबे और चट्टानों का सैलाब अचानक नीचे की ओर बह निकला। भयावह दृश्य कैमरे में कैद हुए, जिसमें तेज आवाज के साथ पहाड़ी टूटकर सड़क पर गिरती दिखाई दी। पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई।

इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा असर कैलाश मानसरोवर यात्रा पर पड़ा है। दो बड़े पुल बह जाने और सड़क मार्ग ध्वस्त होने के कारण यात्रा तत्काल रोक दी गई है। कई श्रद्धालु अलग-अलग स्थानों पर फंसे रह गए।

हालांकि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने साहस और तत्परता का परिचय देते हुए ज़िपलाइन तकनीक के जरिए 413 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत कार्य लगातार जारी हैं।



**रालडांग खड्ड में भी बादल फटा, एनएच-5 ठप :** किन्नौर के रिब्बा गांव के पास रालडांग खड्ड में भी बादल फटने से भारी बाढ़ आई और नेशनल हाईवे-5 का बड़ा हिस्सा कीचड़ और मलबे से पट गया। हाईवे के करीब 150 मीटर क्षेत्र में बड़े-बड़े पत्थर जमा हो गए हैं, जिससे यातायात पूरी तरह से बंद है। सौभाग्य से, अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। राज्य में मानसून की बारिश कहर बनकर टूटी है। चंडीगढ़-मनाली हाईवे समेत शिमला, मंडी, सोलन और कुल्लू जिलों में भूस्खलन के कारण 500 से ज्यादा सड़कों पर यातायात ठप है। एहतियात के तौर पर कई जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

**उत्तराखंड में भी हालात चिंताजनक :** दूसरी ओर, उत्तराखंड में भी बारिश का प्रकोप जारी है। मंगलवार को धराली गांव में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। कर्णप्रयाग में पहाड़ ढहने से बद्रीनाथ हाईवे बंद, और हरिद्वार-देहरादून रेल मार्ग पर चट्टान गिरने से रेल संचालन भी प्रभावित हुआ है।

**प्रशासन और राहत एजेंसियां अलर्ट मोड पर :** हिमाचल और उत्तराखंड, दोनों राज्यों में सेना की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए भारी बारिश और भूस्खलन की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी इलाकों में अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है।

## घर से भागी शादीशुदा युवती ने प्रेमी संग की आत्महत्या

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के पटमदा के पोकलाबेड़ा जंगल में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। आज बुधवार को जंगल में प्रेमी जोड़े का शव फंदे से लटका बरामद किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम भेज दिया है।

**बच्ची छोड़ घर से भागी थी प्रेमिका :** आत्महत्या करने वाले प्रेमी जोड़े में युवक की पहचान पोकलाबेड़ा गांव निवासी जामनी सिंह और युवती की पहचान गाड़ीग्राम निवासी वैजयंती के रूप में हुई है। युवती शादीशुदा बतायी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार युवती पिछले चार माह पूर्व अपनी 3 वर्षीय बेटी को छोड़कर प्रेमी के साथ भाग गयी थी, जिसके बाद से वह जमशेदपुर में रह रही थी।

**प्रेमी जोड़े ने 2-3 दिन पहले की थी आत्महत्या :** पोकलाबेड़ा जंगल में नीम के पेड़ पर दुपट्टा के सहारे दोनों प्रेमी जुगल का शव फंदे से लटका मिला है। पुलिस शव बरामद कर मामले की जांच में जुट गयी है। दोनों शव 2-3 दिन पुराना होने की आशंका जतायी जा रही है।

# पीएम मोदी ने कर्तव्य भवन-3 का उद्घाटन किया सरकारी मंत्रालयों-विभागों को मिला नया ठिकाना



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाकर कर्तव्य भवन में शिफ्ट किया जाएगा जिससे दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय/विभाग और प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय होंगे। सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए ऐसे कुल 10 भवनों का निर्माण होना है। इनमें से कर्तव्य भवन-3 बनकर तैयार हो गया है, इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। साथ ही वह शाम छह बजे कर्तव्य पथ पर एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे। परियोजना पूरी होने के बाद किराये के तौर पर खर्च होने वाले 1500 करोड़ रुपये की बचत होगी।

**कर्तव्य भवन में क्या है खास :** लगभग 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले इस अत्याधुनिक कार्यालय परिसर में दो बेसमेंट और सात मंजिलें (भूतल+6 मंजिल) हैं। वर्तमान में, कई प्रमुख मंत्रालय 1950 और 1970 के दशक के बीच निर्मित शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन जैसी पुरानी इमारतों से काम करते हैं, जो 1950-70 के दशक में बनाई गई थीं।

भवन में सुरक्षित और आईटी-सक्षम कार्यस्थल, स्मार्ट एंट्री सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कमांड सेंटर, सोलर पैनल, सौर वॉटर हीटर और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी सुविधाएं हैं। यह पर्यावरण के अनुकूल निर्माण को भी बढ़ावा देता है, जिसमें अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग, ठोस कचरा प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं। इमारत को ठंडा रखने और बाहरी ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए इसमें कांच की विशेष खिड़कियां लगाई गई हैं।

**30 फीसदी कम ऊर्जा का खपत :** कर्तव्य भवन को 30 प्रतिशत कम ऊर्जा खपत के लिए तैयार किया गया है। ऊर्जा की बचत करने वाली एलईडी लाइटें, जरूरत न होने पर लाइटें बंद करने वाले सेंसर, बिजली बचाने वाली स्मार्ट लिफ्ट्स और बिजली के उपयोग को प्रबंधित करने की एक उन्नत प्रणाली लगाई गई है।

**जल्द ही अन्य भवन भी हो जाएंगे पूरी तरह तैयार :** शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को नवनिर्मित कर्तव्य भवन-3 के सभागार में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि अगले महीने तक कर्तव्य भवन-1 और कर्तव्य भवन-2 भी बनकर तैयार जाएंगे। दोनों का काम लगभग अंतिम चरण में है। प्रस्तावित अन्य सात भवन भी अप्रैल 2027 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इस परियोजना पर करीब 1000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्रालयों के लिए बनाए जा रहे इन भवनों में तकनीक, सुरक्षा व पर्यावरण अनुकूलता का पूरा ख्याल रखा गया है। पूरे भवन की निगरानी के लिए एक कमांड सीसीटीवी सेंटर भी बनाया गया है,जहां से परिसर व अंदर के गलियारों पर पैनी नजर रखी जाएगी। खास बात यह है कि केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों के लिए नवनिर्मित इन नए भवनों को पहले कामन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट (सीसीएस) नाम दिया गया था। इन कर्तव्य भवनों को मेट्रो लाइन से जोड़ने के लिए इंद्रप्रस्थ मेट्रो स्टेशन से एक नई लाइन बनाने का प्रस्ताव किया गया है।

**मौजूदा भवन हैं 75 साल पुराने :** मंत्री खट्टर ने एक सवाल के जवाब में बताया कि मंत्रालयों के नए और अत्याधुनिक भवनों को बनाने की जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि जो मौजूदा भवन हैं वह 1950 से 1970 के बीच बनाए गए थे। ये सभी पुराने हो गए है, इनका सालाना रखरखाव काफी महंगा हो गया था। गौरतलब है कि मौजूदा समय में केंद्र सरकार के पास करीब 55 मंत्रालय और 93 विभाग मौजूद है। ये अभी नार्थ और साउथ ब्लाक के साथ कृषि भवन, शास्त्री भवन, उद्योग व निर्माण भवन आदि शामिल है।

**नार्थ और साउथ ब्लाक होगा पूरा खाली :** कर्तव्य भवनों के तैयार होते ही नार्थ और साउथ ब्लाक में मौजूद सभी मंत्रालयों को वहां से स्थानांतरित कर दिया जाएगा। दोनों ही ब्लाक को खाली कराकर इनमें भारत संग्रहालय बनाया जाएगा। इस दौरान ढांचे के साथ किसी तरह का छेड़छाड़ किए बगैर इसमें महाभारत काल से लेकर देश के आज तक के इतिहास, कला व संस्कृति आदि को प्रदर्शित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि सेंट्रल विस्टा परियोजना का यह काम दिसंबर 2031 तक पूरा कर लिया जाएगा। इनमें ही प्रधानमंत्री के लिए नए आवास व कार्यालय भी बनाए जा रहे है। इसके लिए भी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत, सरकार पहले ही संसद भवन और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव का निर्माण कर चुकी है, और विजय चौक से इंडिया गेट तक फैले कर्तव्य पथ का भी पुनर्विकास कर चुकी है।



## मॉस्को में भारत-रूस रक्षा सहयोग पर चर्चा करेंगे एनएसए अजीत डोभाल

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को मॉस्को में वरिष्ठ रूसी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और भारत-रूस रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करेंगे।

यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह रूस से नई दिल्ली द्वारा तेल खरीद के कारण भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ में और वृद्धि की घोषणा करेंगे। ट्रंप ने नई दिल्ली पर सस्ता रूसी तेल खरीदकर और उसे 'बड़े मुनाफे' पर बेचकर रूस को आर्थिक तौर पर मदद देने का आरोप लगाया है। अजीत डोभाल मॉस्को यात्रा के दौरान भारत-रूस रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करने के अलावा, तेल मुद्दे और आगामी मोदी-पुतिन शिखर सम्मेलन पर भी बातचीत करेंगे। मॉस्को में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भू-राजनीतिक स्थिति में वर्तमान तनाव और भारत को रूसी तेल की आपूर्ति से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। यह यात्रा पहले से नियोजित कार्यक्रम का हिस्सा है और भारत और रूस के बीच सहयोग पर केंद्रित होगी। डोभाल रक्षा उद्योग सहयोग पर भी बातचीत कर सकते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, एस-400 मिसाइल प्रणालियों की संभावित खरीद, भारत में रखरखाव संबंधी बुनियादी ढांचा स्थापित करना और रूस के एसयू-57 लड़ाकू विमानों को प्राप्त करने के विकल्पों की खोज शामिल हो सकती है।

न्यूज IN ब्रीफ

## रातू में चोरी के सामान के साथ पकड़े गए युवक की पिटाई

**रांची :** रातू थाना क्षेत्र की गुडू पंचायत के केवला मोड़ के पास मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार, केवला मोड़ स्थित सुनील उरांव की किराना दुकान में सोमवार की रात चोरी हुई। इसके बाद आसपास के लोगों ने शक के आधार पर एक युवक को पकड़कर पिटाई की और जांच करने पर उसके पास से चोरी का गुटखा, सिगरेट और पैसा बरामद किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पहले एक अन्य दुकान में भी चोरी हुई थी उस चोरी में भी वही लड़का शामिल था। पकड़ा गया आरोपी बुचीडाड़ी का निवासी है जो फिलहाल ब्रजपुर स्थित कोल्ड स्टोर के पास किराये के घर में रहता है। स्थानीय लोगों ने समझौता के बाद उसे छोड़ दिया।

## आधार कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन

**गिद्धौर(चतरा) :** प्रखंड के बारीसाखी पंचायत भवन में आधार कार्ड बनाने को लेकर सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया।आयोजन आंगनबाड़ी सेविकाओं के नेतृत्व में किया जा रहा है। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि आधार कार्ड सुधार व नया आधार कार्ड तथा पुराने आधार कार्ड अपडेट किया जा रहा है। लोगों के आधार में त्रुटि के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए शिविर का आयोजन किया गया है।

## वृद्ध महिला पुरुष का आधार कार्ड व वोटर आईडी कार्ड का किया गया सत्यापन

**गिद्धौर (चतरा) :** प्रखंड के बरियातू पंचायत भवन में वृद्ध महिला व पुरुष का आधार कार्ड वोटर आईडी का सत्यापन किया गया बताया गया कि वृद्ध व्यक्तियों को वृद्धा पेंशन लगभग 7 माह से नहीं भुगतान हो पा रहा है जिसे लेकर सभी पेंशनधारियों का आधार व वोटर आईडी कार्ड का सत्यापन किया जा रहा है।जिसे लेकर सोमवार को दर्जनों लोग बारियातु पंचायत भवन पहुंचे।और सभी लोगों का ऑनद सपोर्ट सत्यापन किया गया।मौके पर पंचायत सचिव खुशबू लता कुमारी, मुखिया डेगन गंझु रोजगार सेवक निर्मल दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चोरी की टेंपो लावारिस हालत में बरामद

**चतरा :** चतरा शहर के किशुनपुर मोहल्ला से बीते दो अगस्त को चोरी हुए टेंपो को सदर थाना पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने बाबाघाट मैदान के पीछे जंगल से टेंपो बरामद किया। टेंपो जंगल में लावारिश हालत में खड़ा था। टेंपो मालिक संतोष कुमार शहर के किशुनपुर मोहल्ला का रहने वाले है। बीते दो अगस्त को चोरों ने उनके घर के बाहर से टेंपो चोरी कर लिया था। जिसके बाद उन्होंने सदर थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। टेंपो मिलने के बाद संतोष और उनके परिजनों में हर्ष है। टेंपो ही उनके परिवार के भरन पोषण का माध्यम था। टेंपो चालक संघ के अध्यक्ष राजू दबगर ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की कड़ाई के कारण चोर टेंपो छोड़ कर फरार हो गए।

## भाजपा 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में निकालेगी तिरंगा यात्रा

**चतरा :** भाजपा का हर घर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने को लेकर पार्टी के जिला कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम उपस्थित हुए।बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर आर्य ने की। वहीं मंच संचालन महामंत्री डॉ मत्युंजय सिंह ने किया। आगामी 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। 14 अगस्त को बीजेपी विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाएगी। बैठक में जिले के सभी 12 मंडलों में इस आयोजन को सफल बनाने रणनीति बनाई गई। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बीजेपी हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। जन-जन तक पहुंचाई जाएगी ऑपरेशन सिंदूर की सफलताहर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से न केवल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के बारे में बताया जाएगा, बल्कि इसके जरिए देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना जगाई जाएगी। सभी कार्यकताओं और नागरिकों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। बैठक में मुख्य अतिथि विकास प्रीतम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त को पार्टी विभाजन विभीषिका दिवस भी मनाएगी । 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में हर घर तिरंगा अभियान निकलेगी । 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों, प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर कार्यकताओं द्वारा तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, बासुदेव दांगी, चंपा सबरी, देवंती देवी, मौलाना महफूज रहमान, संजय सुमन, भेखलाल मुंडा, पोसण भारती, अनामिका देवी, उदय वर्मा, गोबिंद राम, कालीचरण यादव, बब्लू सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन सौरव, मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह गुड्डू, ठाकुर जीतेन्द्र सिंह, संजय प्रजापति, जीतेन्द्र सिंह, सतीश दांगी, बिनोद यादव, दिलेश्वर भोक्ता, बिनय राय, दयानिधि सिंह, संजीव पाण्डेय, महेंद्र नायक, अजित लाल शामिल हुए।

## नाले में डूबी तीन महिलाएं: मृतकों में मां, बेटी और नतिनी शामिल

**पलामू:** जिला में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के घोड़बंधा नाला में डूबने से मां, बेटी और नतिनी की मौत हो गई है। तीनों रविवार की सुबह 10:00 बजे के करीब जंगली मशरूम चुनने के लिए जंगल में गई थीं। वापस नहीं लौट के बाद परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सोमवार को ही परिजनों ने पूरे इलाके में खोजबीन किया लेकिन तीनों को बरामद नहीं किया जा सका था। मंगलवार को तीनों का मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के गौराहा डैम से तीनों का शव बरामद हुआ।

ग्रामीणों के अनुसार तीनों मशरूम चुनने के लिए गए थे लेकिन बीच रास्ता में एक नाले को पार करना होता है। इस नाल में तीनों बह गए और गौराहा डैम में डूब गए। मृतकों की पहचान मोहम्मदगंज के बटउआ गांव के शांति कुंवर 52 वर्ष, रोहतास जिला के काराकट थाना के भरत कासवा गांव की अंजलि कुमारी और काजल कुमारी के रूप में हुई है। हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि डूबने से तीनों की मौत हुई है। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और गोताखोरों की मदद से तीनों के शवों को गौराहा डैम से बाहर निकाला गया है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया और परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

# जमशेदपुर में ताबड़तोड़ फायरिंग, घर के बाहर खड़े युवक को मारी गोली

संवाददाता

**जमशेदपुर:** जिले के परसुडीह थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर खड़े एक युवक पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल युवक की पहचान रवि यादव के रूप में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार, परसुडीह थाना अंतर्गत किताडीह गवालापट्टी स्थित राजूबगान इलाके स्थित अज्ञात अपराधियों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी की इस घटना में



युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान वह घर के बाहर खड़ा था। घटना कों अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। इधर, गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल रवि घायल को तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए टीएमएच अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आशंका जताई जा रही है कि हमलावरों ने घटना को अंजाम देने से पहले रेकी की थी। मामले में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर तौकीर आलम ने बताया कि यह हमला आपसी रंजिश या पुरानी रंजिश के चलते किया गया है। पुलिस को कई सुराग मिले हैं। साथ ही मौके से खोखा भी बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# झारखंड के खिलाड़ियों ने बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप में भारत को दिलाया पदक

**एल प्लेटोदीप सिंह ने दो रजत, तनुश्री ने एक रजत और एक कांस्य पदक जीता**





संवाददाता

**रांची :** झारखंड के होनहार वुशु खिलाड़ियों ने जोर्जिया के बाटुमी में आयोजित ₹बाटुमी इंटरनेशनल वुशु चैंपियनशिप 2025₹ में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत को गौरवान्वित किया है।

इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में एल प्लेटोदीप सिंह ने ताऊलु स्पर्धा में दो रजत पदक जीतकर देश और राज्य का मान बढ़ाया, वहीं तनुश्री ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की यह सफलता न केवल झारखंड बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत, समर्पण और निरंतर अभ्यास का यह फल है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर अपने देश का परचम लहराया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर झारखंड के खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ। मधुकांत पाठक, झारखंड वुशु संघ के अध्यक्ष डॉ। प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद) सहित डॉ। कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ। अंशु साहू, कुमुद प्रसाद साहू, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, शैलेन्द्र कुमार, श्रीमती अनिका सिंह, डॉ। उदीप लाल, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजि अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेन्द्र दुबे, धर्मवीर सिन्हा,रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृतुन्जय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इनकी इस शानदार सफलता के लिए उनके कोच श्री दीपक गोप को भी विशेष बधाई दी गई है, जिनके अथक प्रयासों और मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया। झारखंड वुशु संघ एवं झारखंड ओलंपिक संघ राज्य के खिलाड़ियों को आगे भी हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आने वाले समय में वे और भी ऊँचाइयाँ हासिल कर सकें।

## सावन महोत्सव धूमधाम से मनाई गई




**रांची**;चापूटोली हरमू स्थित हैरिटेज बैंक्वेट हॉल मे सामाजिक महिलाओं के द्वारा धूमधाम से सावन महोत्सव मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता निधि लकड़ा एवं धन्यवाद ज्ञापन अंजु देवी ने किया।महोत्सव मे सभी महिलाओं ने हरे रंग के परिधान मे फैशन शो,चेयर रेस, नागपुरी,भोजपुरी,फिल्मी नृत्य गान प्रस्तुत की।कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने मे मुख्यरूप से निशा कुजूर,पूनम तिग्गा,सरोज तिग्गा,निधि लकड़ा,अंजु देवी,दिव्या जी, संध्या लिंडा,रश्मि तिर्की,रजनी टोप्पो,निशि सिंह,रेशम टोप्पो, रीना लाल,अंजु टोप्पो,ज्योति लकड़ा,स्नेहा जी,अनिता कच्छप आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।जलपान एवं पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम की समापन हुई। यह जानकारी समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## प्रेमी-प्रेमिका की हत्या कर कुएं में फेंका शव, ऑनर किलिंग की आशंका, कई हिरासत में

**पलामू:** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया में एक कुएं से एक युवक और एक युवती की लाश बरामद की गई। दोनों प्रेमी और प्रेमिका बताए जा रहे हैं। दोनों के शरीर पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं। पुलिस ने दोनों का शव बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रथम द्दष्टया मामला ऑनर किलिंग का लग रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

दरअसल, पलामू के तरहसी थाना क्षेत्र के भंडरा गांव निवासी कारू मेहता नामक युवक शनिवार से लापता था। इसी क्रम में रविवार की रात तरहसी पुलिस को सूचना मिली कि तरिया स्थित एक कच्चे कुएं में युवक और युवती का शव पड़ा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। युवक और युवती के शवों को कुएं से बाहर निकाला गया। बाद में युवक की पहचान कारू मेहता जबकि युवती की पहचान विभा कुमारी के रूप में हुई। जिस कुएं से दोनों के शव बरामद किए गए, वह विभा कुमारी के घर से 100 मीटर की दूरी पर है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया है।

तरहसी थाना प्रभारी आनंद राम ने बताया कि हत्या के बाद शव फेंके गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की बात सामने आई है। सभी एंगल से जांच की जा रही है। दरअसल, युवक की आंख बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है जबकि शरीर का आगे और पीछे का हिस्सा जला हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## एके 47 रायफल की 83 गोली के साथ टीएसपीसी के समर्थक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**चतरा :** जिले की पिपरवार थाना पुलिस ने ए के 47 रायफल की 83 पीस 7.62 एमएम का जिंदा गोली के साथ टीएसपीसी के राजनसमर्थक को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार टीएसपीसी के समर्थक मनोज तिग्गा पिता लिबनुस तिग्गा खंधार गांव का रहने वाला है। उक्त आशय की जानकारी एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार की शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी समर्थक मनोज तिग्गा के घर में भारी मात्रा में एके 47 हथियार का गोली छुपाकर रखा हुआ है। सूचना के आलोक में टंडवा थाना प्रभारी प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर से 83 गोली को जब्त किया। साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में पिपरवार थाना कांड संख्या 23/2025 के तहत आर्म्स एक्ट व सीएलए एक्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावा पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सुरेन्द्र उपाध्याय, एएसआई बसंत कुमार महतो, आरक्षी शभु यादव, संतोष यादव व अन्य जवान शामिल थे।

## पहले पत्नी को डंडे से पीटा फिर गर्दन मरोड़कर कर दी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पलामू:** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के उलडंडा के बागी गांव पाचोपड़वा में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को पहले जमकर डंडे से पीटा और बाद में गर्दन मरोड़ कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल, सुनीता देवी नामक महिला ने सोमवार को शराब का सेवन किया था। शराब पीने के बाद उसकी हालत खराब हो गई। जिससे गांव की एक महिला ने सुनीता को घर तक पहुंचा दिया। जिस वक्त सुनीता घर पहुंची थी, उस वक्त उसके हाथों में शराब की बोतल थी। घर पहुंचने के बाद सुनीता देवी का पति विपन भुईयां के साथ विवाद हो गया। इसी विवाद में पति विपन भुईयां ने पहले सुनीता की जमकर पिटाई की और बाद में उसकी गर्दन मरोड़ कर हत्या कर दी।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को जाने से थम गया एक इतिहास : राष्ट्र सेवा फाउंडेशन

संवाददाता

**रांची :** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्री सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने दिशोम गुरु के नाम से जाने जाने वाले शिबू सोरेन को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अब हमारे बीच गुरुजी नहीं रहे। एक इतिहास थम गया। झारखंडियत की सबसे बड़ी आवाज शांत हो गई।

उन्होंने कहा कि जब भी आदिवासी चेतना की बात होगी, जब भी जनसंघर्षों का जिक्र होगा, शिबू सोरेन का नाम लिया जाएगा। सम्मान के साथ। गर्व के साथ।

वो सिर्फ एक नेता नहीं थे। एक विचार थे। एक आंदोलन थे। उन्होंने दुःख को हथियार बनाया।





संघर्ष को धर्म बनाया। और सियासत को गरीब-गुरबों की आवाज।

उनका जन्म 11 अप्रैल 1944।। नेमरा गांव, हजारीबाग (अब रामगढ़)। यहीं से शुरू हुई उनकी कहानी। सिर्फ 12 साल के थे। तभी पिता की हत्या हो गई। सूदखोर महाजनों ने मार डाला। यह जख्म जीवन भर बना रहा। बालक शिबू ने संकल्प लिया। बदला लेंगे। लेकिन सिर्फ पिता की हत्या का नहीं। पूरे आदिवासी समाज की पीड़ा का।

कहा कि किशोर उम्र में ही लड़ाई शुरू की। कानूनी लड़ाई। सामाजिक लड़ाई। राजनीतिक लड़ाई। महाजनों के खिलाफ। सूदखोरों के खिलाफ। शोषकों के खिलाफ। गांव-गांव घूमे। लोगों को जोड़ा। आदिवासियों को संगठित किया। खेत-खलिहान से विद्रोह शुरू किया। जंगल-पहाड़ों तक विस्तार किया।

'धान काटो आंदोलन' चलाया। महिलाएं खेत में जातीं। पुरुष तीर-धनुष लेकर पहरा देते। ये सिर्फ खेती नहीं थी। ये इंकलाब था। पुलिस पीछे पड़ी। मामले दर्ज हुए। जेल गए। जंगलों में छिपे। उफनती नदियों में कूद पड़े। निर्वास काटा।

शिबू सोरेन इसके महासचिव बने। विनोद बिहारी महतो अध्यक्ष। कॉमरेड एके राय भी साथ थे। जल्दी ही जेएमएम जनआंदोलन बना। दक्षिण बिहार से लेकर बंगाल-ओडिशा तक लहर फैल गई। लोग जुड़ते गए। मुकाम बनता गया।

कई बार जेलयात्राएं कीं। जेलों से कभी डरे नहीं। जुल्मों के आगे झुके नहीं। उनकी आवाज गूंजती थी और कारवां खड़ा हो जाता था। पिछले 50 सालों में ऐसा कोई दूसरा लीडर नहीं जन्मा झारखंड में।

गुरुजी पहली बार 1980 में दुमका से संसद पहुंचे। राजनीति में जनता की गूंज बनकर। 1991 में जेएमएम के केंद्रीय अध्यक्ष बने। अब वो सिर्फ नेता नहीं, आंदोलन का चेहरा थे। संथाल में गुरुजी की जगह उनकी तस्वीर भी घूम जाती तो लोग दीवाने हो जाते। उम्मीदवार उनके नाम से चुनाव जीत जाते।

# रांचीः चैंबर की बैठक में झारखंड व पंजाब के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच सहयोग पर चर्चा

संवाददाता



**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की एजुकेशन उप समिति की बैठक मंगलवार को चैंबर भवन में हुई. इसमें पंजाब अनएडेड कॉलेज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया. बैठक में झारखंड और पंजाब के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं पर गंभीर चर्चा हुई. बैठक का उद्देश्य दोनों राज्यों के विद्यार्थियों के लिए अधिक से अधिक शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराना था.

बिहारी मजदूरों देशी जुगाड़ बनाम हाईटेक टेक्नोलॉजीः स्कूटर को बना डाला इंजन वाला रिक्शा

बैठक में रांची में एजुकेशन फेयर का आयोजन, इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में पंजाब के प्रमुख कॉलेजों की सहभागिता और झारखंड में पंजाब एडुयूनिवर्सिटी द्वारा शैक्षणिक केंद्र की स्थापना के प्रस्ताव पर विशेष चर्चा हुई. फेडरेशन के अध्यक्ष परेश गट्टानी व महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने बैठक के बाद कहा कि राज्य के युवाओं को देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों से जोड़ना फेडरेशन का प्राथमिक उद्देश्य है. इस प्रकार के संवाद से उद्योग और शिक्षा के बीच मजबूत सेतु बनेगा, जो राज्य के विकास में सहायक होगा. एजुकेशन उप समिति के चेयरमैन विकास सिन्हा ने कहा कि आने वाले महीनों में झारखंड चैंबर कैरियर काउंसलिंग का आयोजन करेगा, जिसमें देशभर के नामचीन कॉलेजों के काउंसलर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे. बैठक में चंडीगढ़, विद्या ज्योति एडुयूनिवर्सिटी के डॉ. डीजे सिंह, ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स पंजाब के अंकित जैन, श्री साई यूनिवर्सिटी पंजाब के प्रो-चांसलर कुंवर पुंज सहित एसोसिएशन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे. वहीं, झारखंड चैंबर की ओर से उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य शैलेष अग्रवाल व मनोज मिश्रा ने भाग लिया।



## किशोर दा का जन्मदिन मनाया गया

**रांची :** के के म्यूजिकल ग्रुप की ओर से पार्श्व गायक किशोर कुमार की जयंती-सह-सावन मिलन समारोह का आयोजन लालपुर में किया गया । किशोर कुमार की जयंती के साथ -साथ मो. रफी और मुकेश चंद्र माथुर को भी उनके गीतों से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी । पराग भूषण ने अपने गीत से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रीतम लाला, अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस अवसर पर 80 के दशक के मशहूर गिटारिस्ट सज्जन केडिया और मशहूर गायक चन्द्र मोहन प्रसाद, झारखण्ड के अमर शहीद गणपत राय की प्रपौत्री श्रीमती वंदना राय के साथ-साथ पाण्डेय रबिन्द्र नाथ राय, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश्वर प्रसाद, अखिलेश अम्बाष्ठ, ए. के. श्रीवास्तव, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवयित्री श्रीमती स्मिता, भगवा नारी की अध्यक्षा पिया वर्मन आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे । सभी आमंत्रित अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा देकर सम्मानित भी किया गया । ग्रुप के अध्यक्ष पराग भूषण एवं उनकी टीम के गायकों में प्रमुख रूप से राजेश श्रीवास्तव, मिली वर्मा, शशि कुमार सिन्हा, ऋतु चंद्रा, आकाश चंद्रा, राजकुमार सिन्हा, निर्भय कुमार, संजय पाराशर, मधुकर जी, मीना बक्सी, अभय बक्सी, आदि ने एक से बढ़कर एक गीतों को गा कर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया ।

## इग्नू के कार्यक्रम में रोजगार की संभावनाएं

**रांची :** इग्नू सामाजिक क्षेत्र से संबंधित कई कार्यक्रम प्रदान करता है जिसमें स्नातकोत्तर, स्नातक, डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कार्यक्रम शामिल हैं। ये कार्यक्रम शिक्षार्थियों को सामाजिक क्षेत्र सामजिक कार्य, सामुदायिक विकास, बाल कल्याण स्वास्थ्य सेवा और कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेवारी जैसे क्षेत्रों में कैरियर बनाने के इच्छुक लोगों के लिए निर्मित हैं। सोशल वर्क में स्नातकोत्तर व स्नातक सामाजिक कार्य में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करता है और छात्रों को विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक संगठन में काम करने के लिए तैयार करता है। सामाजिक कार्य में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा भी उपलब्ध हैं जो सामाजिक कार्य के विशिष्ट क्षेत्रों में कौशल और ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं जैसे कि स्वास्थ्य सेवा इत्यादि के लिए मूलभूत जानकारियां प्रदान करते हैं। कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा सीएसआर संबंधी भूमिकाओं में काम करना चाहते हैं उन लोगों के लिए है। सामुदायिक विकास, स्वास्थ्य सेवा, ग्रामीण विकास इत्यादि क्षेत्र में सीएसआर के कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

ये सभी कार्यक्रम सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में अलगअलग भूमिकाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। आवश्यक कौशल के कार्यक्रम शिक्षार्थियों को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में आवश्यक कौशल जैसे समस्या समाधान, संचार, प्रबंधन करने में मदद करते हैं। ये कार्यक्रम छात्रों को सामाजिक कार्य के विभिन्न पहलुओं जैसे कि सामाजिक नीति निर्माण, और सामुदायिक विकास के बारे में ज्ञान प्रदान करते हैं। साथ ही वे ये आवश्यक व्यावसायिक कौशल व ज्ञान प्रदान करते हैं। झारखण्ड राज्य के संदर्भ में बात करें तो ये स्वंय सेवी संगठनों में अलग-अलग पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। प्रोग्राम मैनेजर प्रोजेक्ट मैनेजर तथा मॉनिटरींग एंड इवेल्यूयेशन ऑफिसर के रिक्तियों के लिए आवेदन माँगे जाते हैं। इन सभी कार्यक्रम में नामांकन जारी है। इच्छुक आवेदक इग्नू के वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव का आयोजन

**रांची :** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को पुत्रदा एकादशी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रातः नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर गुलाब, रजनीगंधा, जरबेरा, गुलदाऊदी, बेला, गेंदा से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया ।

रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतार में लगकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ किया ।

इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को शुद्ध घी में बने हुए बूंदी लड्डू, केसरिया पेड़ा, बादाम बर्फी, रबड़ी, चूरमा एवं विभिन्न प्रकार के फल एवं मेवा को भोग अर्पित किया गया।

रात्रि 12 महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनीयां, अमित जालान , प्रदीप अग्रवाल , प्रियांश पोद्दार , विकाश पाड़िया, राजेश सारस्वत , ज्ञान प्रकाश बागला , विवेक ढांढनीयां, नितेश केजरीवाल का विशेष सहयोग रहा ।

## पुत्रदा एकादशी पर हुए कई अनुष्ठान

**रांची :** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में श्रावण मास शुक्ल पक्ष की प्रसिद्ध पुत्रदा नामकी एकादशी व्रत मनाया गया। मौके पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा,भक्ति और आस्था के सागर में अवगाहन किया।

इसके पूर्व भगवान को धूप, पुष्प, तलसी, जल, कुंकुम आदि से घंटा बजाते हुए भगवान को समर्पित किया गया। इसके बाद सत्ताइस दीपों से प्रज्ज्वलित नक्षत्र आरती,अमृत कुम्भ आरती और घृत आरती मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसके बाद अस्त्र और संरक्षण मुद्रा दिखाते हुए हाथ से ढक कर नैवेद्य निवेद किया। समस्त दोषों को अग्नि और वायु में दग्ध और शोषित कर नैवेद्य समर्पण किया ।

इसके पश्चात वेद , उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि के उत्कृष्ट ऋचाएं एवं श्लोकों से स्तुति की गई।

मंत्रों के गूंज और जय -जयकार से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। सभी अपने-अपने कामना के अनुसार कोई पुष्प अर्चना, कुंकुम अर्चना तो कोई सूक्तों का पारायण तथा विष्णु सहस्त्रनाम की अर्चना कराते दिखे। यह क्रम दिनभर चलता रहा। सत्यनारायण गौतम, गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के अनुष्ठान को विधिवत संपन्न कराया।

## लायंस क्लब ने महारुद्राभिषेक कार्यक्रम कराया

**रांची :** लायंस क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में रांची क्लब परिसर में सोमवार को महारुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर कुल 11 जोड़ियों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हुए विधिवत रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जिसमें कुशल पंडितों ने वैदिक विधि से समस्त अनुष्ठान संपन्न कराया।

कार्यक्रम के चेयर पर्सन लायन निर्मल कुमार मानपुरिया ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना था। उन्होंने कहा कि सावन मास में शिव पूजा का विशेष महत्व होता है, और यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सामूहिक सहभागिता की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दिलीप बंका, लायन सिद्धार्थ मजूमदार, लायन राजेश मोर, लायन राजेश चौधरी, लायन बीके गडयान, लायन मनीष गाड़ोदिया, लायन अजय सकुजा, लायन अजय अग्रवाल, लायन ओम प्रकाश अनुज सहाय,अनिल गोयल, निर्मल मानपुरिया आदि ने भरपूर सहयोग किया।

# 3 महीने तक रद्द रहेंगी झारखंड की दर्जनों ट्रेनें



संवाददाता

**रांची :** झाखंड के चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला कांसबहाल के बीच अप और डाउन लाइन में टीआरटी मशीन कार्य को लेकर 11 अक्टूबर से लेकर 16 दिसंबर 2025 तक मेगा ब्लॉक लिया जाएगा जिसके चलते हावड़ा मुम्बई मुख्य रेल मार्ग समेत झारसुगुड़ा सम्बलपुर रेल मार्ग से चलने वाली कई ट्रेनें विभिन्न तिथियों में रद्द रहेगी।

मेगा ब्लॉक डाउन लाइन कांसबहाल राउरकेला के बीच प्रत्येक शनिवार को साढ़े पांच घंटे का यानि 11 , 18, और 25 अक्टूबर 1, 8, 15, 22, और 29 नवंबर और 6 और 13 दिसंबर को लिया जाएगा। वहीं अप लाइन में राउरकेला कांसबहाल के बीच प्रत्येक मंगलवार को यानि 14, 21 और 28 अक्टूबर 4 ,11, 18 और 25 नवम्बर और 2, 9 और 16 दिसंबर को साढ़े पांच घंटे मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इन तिथियों के बीच इस मार्ग से चलने वाली टाटा इतवारी टाटा एक्सप्रेस, हटिया झारसुगुड़ा हटिया एक्सप्रेस, राउरकेला झारसुगुड़ा राउरकेला मेमू आरा दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस, राउरकेला पुरी राउरकेला एक्सप्रेस और राउरकेला जगदलपुर राउरकेला एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**शॉर्ट टर्मिनेट होकर चलेगी इस्पात एक्सप्रेस :** राउरकेला कांसबहाल के बीच टीआरटी कार्य को लेकर हावड़ा कांटाभांजी इस्पात एक्सप्रेस इन तिथियों के बीच विभिन्न तिथियों में राउरकेला तक ही जाएगी और टिटलागढ़ हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस झारसुगुड़ा तक ही जाएगी। इन दोनों ट्रेनों का इन तिथियों में राउरकेला कांटाभांजी और झारसुगुड़ा हावड़ा के बीच सेवा रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलेगी उत्कल एक्सप्रेस :** ऋषिकेश पुरी उत्कल एक्सप्रेस अक्टूबर, नवंबर और दिसम्बर में मेगा ब्लॉक के दौरान परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड सबलपुर यार्ड तथा कटक हो चलेगी। उत्कल एक्सप्रेस इन तिथियों के बीच परिवर्तित मार्ग कटक सम्बलपुर यार्ड झारसुगुड़ा रोड ईब होकर चलेगी। आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कांड्रा सीनी बगैर टाटानगर होकर चलेगी।

**टीआरटी ब्लॉक को री शेड्यूल हो चलेंगी ये ट्रेनें :** चक्रधरपुर रेल मंडल के कांसबहाल राउरकेला कांसबहाल के बीच टी आर टी ब्लॉक के दौरान विभिन्न तिथियों में वास्को डीगामा जसीडीह एक्सप्रेस वास्कोडीगामा से 1 घंटे देर से खुलेगी। वही जम्मूतवी सबलपुर एक्सप्रेस अक्टूबर नवंबर और दिसम्बर को मेगा ब्लॉक के दरम्यान जम्मू तवी से साढ़े पांच घंटे देर से चलेगी।

# दिशोम गुरु के बलिदान को किया गया याद



**पिठौरिया :** जब आदिवासी अस्मिता के मसीहा, झारखंड के महान सपूत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन की खबर आई, तो पूरे झारखंड में शोक की लहर दौड़ गई। उनके देहांत की पीड़ा ने गाँव-शहर, स्कूल-घर सबको झकझोर दिया। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रस्तावित उच्च विद्यालय सुकुरहुटू के प्रांगण में भी एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मियों ने दिशोम गुरु की याद में दो मिनट का मौन धारण किया। जैसे ही प्रार्थना शुरू हुई, परिसर में ऐसी शांति छा गई मानो हवा भी थम गई हो।कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका अनु कुमारी और वरीय शिक्षक कृष्ण कुमार ने कहा दिशोम गुरु न केवल एक राजनेता थे, बल्कि हमारे आत्मसम्मान की आवाज थे। उन्होंने आदिवासी चेतना को नई दिशा दी और संघर्ष की मशाल को जलाए रखा।इधर विद्यालय प्रबंध समिति ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमने एक इतिहास रचने वाला पथप्रदर्शक खो दिया है, लेकिन उनकी शिक्षाएं हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय प्रधान मुकेश रंजन द्वारा पूरे दिन की छुट्टी की घोषणा की गई, ताकि यह दुखद समाचार सभी शांत मन से स्वीकार कर सकें।

## सीयूजे में दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

# दिशोम गुरु के जाने से एक युग का अवसान हुआ : कुलपति

संवाददाता


**रांची :** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में झारखंड राज्य स्थापना के प्रणेता दिशोम गुरु माननीय शिबू सोरेनजी के अवसान पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में माननीय गुरुजी को कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास के नेतृत्व में सभी प्रोफेसर, अधिकारी और कर्मचारीगण ने पुष्पांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। कुलपति, प्रो. क्षिति भूषण दास ने माननीय शिबू सोरेन जी के जीवन, संघर्ष और राज्य के स्थापना में उनके योगदान को सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु के जाने से एक युग का अवसान हुआ है। उन्होंने आदिवासी समाज को जागृत किया और झारखंड राज्य की स्थापना कर राजनैतिक पहचान भी दी। गुरुजी ने आदिवासी समाज में एक सामाजिक - राजनैतिक चेतना जागृत करके उन्हें आज भारत के हर क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए आगे बढ़ाया। प्रो. दास ने आगे कहा कि गुरुजी का सम्मान हर राजनैतिक पार्टी के लोग करते हैं और वे देश के एक बड़े नेता थे। राज्य में उनके योगदान के सम्मान में कुलपति ने घोषणा की कि सीयूजे में हर वर्ष गुरुजी को याद किया जाए और उनकी पुण्यतिथि मनाई जाए। श्रद्धांजलि सभा में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, श्री के कोसल राव, नैक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रो. कुंज बिहारी पंडा, डीन - अकादमिक, प्रो. मनोज कुमार, डीन - शोध और विकास, प्रो. ए के पाढ़ी, निदेशक-आईक्यूएसी, प्रो. आर के डे, पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ एस के पाण्डेय, वित्त अधिकारी, श्री पी के पंडा, चीफ प्रॉक्टर, डॉ, अमरेंद्र कुमार, सारे वरिष्ठ प्रोफेसर, आदि मौजूद थे।

## दिशोम गुरु के निधन पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने किया शोक सभा का आयोजन

**रांची :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन पर श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

शोकसभा में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, आश्रम में निवास कर रहे दिव्यांग, निराश्रित, दीनबंधु एवं सेवा में लगे सेवादारों ने भाग लिया। सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन के साथ की गई,जिसमें सभी उपस्थित जनों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन के संघर्षमयी जीवन, उनके सामाजिक योगदान, और झारखंड के निर्माण में उनके अद्वितीय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि गुरुजी न केवल एक राजनेता थे, बल्कि वे झारखंड की आत्मा थे। आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि दिशोम गुरु का जीवन त्याग, सेवा और संघर्ष का प्रतीक था। उनका निधन न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जिस प्रकार से आदिवासी समाज को एकजुट कर मुख्यधारा में लाने का कार्य किया, वह सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। सबों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुरुजी के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात कर समाज सेवा के मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शोकसभा में- मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, राजेंद्र अग्रवाल,पुजारी अरविंद पांडे, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, पवन पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, मधु जाजोदिया, सुनील पोद्दार, संजय सर्राफ,आशीष कुमार, सुधीर कुमार, पवन कुमार, मुरली कुमार, परमेश्वर प्रसाद,चन्द्रदीप साहु,हरीश कुमार, सुरज कुमार,आशीष कुमार,सत्यम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# देश की राजनीतिक में सबसे लंबे कार्यकाल के गृह मंत्री बने अमित शाह : बाबूलाल



संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अमित शाह जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि भारत के राजनीतिक इतिहास में बहुत कम नेता ऐसे हुए हैं, जिन्होंने नीतिगत परिवर्तन के साथ?साथ जमीनी स्तर पर भी परिवर्तन के लिए निरन्तर कार्य किया हो। उन्हीं चंद नेताओं में से एक, हमारे माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी, आज देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गृह मंत्री बन चुके हैं।

कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण उसी दिन आया, जिस दिन 2019 में अमित शाह जी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का ऐतिहासिक प्रस्ताव संसद में रखा था, जिसके परिणामस्वरूप जम्मू?कश्मीर को भारत के संविधान में पूर्ण एकात्मता के साथ जोड़ा गया और उस ऐतिहासिक बोझ से मुक्ति दिलाई गई, जिसने कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से लंबे समय तक अलगाव में रखा था।

कहा कि उनके कार्यकाल में गृह मंत्रालय की आंतरिक सुरक्षा नीतियों ने देश की दिशा बदल दी।

कहा कि झारखंड राज्य में, जहां वर्षों से नक्सलवाद ने विकास, शिक्षा और रोजगार के रास्तों को रोका हुआ था, वहाँ केंद्र सरकार ने गृह मंत्री के नेतृत्व में ह्यऑपरेशन समर्पणह्न के तहत एक संगठित, योजनाबद्ध और निर्णायक लड़ाई शुरू की।

झारखंड के साथ?साथ अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहा यह अभियान आम नागरिकों में यह विश्वास लौटा रहा है कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कहा कि अमित शाह को उनके लंबे, प्रभावशाली और निर्णायक कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई। यह देश आपके नेतृत्व में और भी सशक्त और सुरक्षित बने, यही कामना है।

### रघुवर दास ने भी दी बधाई



**पूर्व** मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अमित शाह को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में सर्वाधिक 2258 दिवस तक कार्य करने का कीर्तिमान अपने नाम दर्ज किया है। कहा कि पिछले छह वर्षों में कर्मठता और दृढ़ निश्चयता के साथ गृह मंत्री के रूप में माननीय अमित शाह जी ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इसमें आज ही के दिन 5 अगस्त को कश्मीर से अनुच्छेद 370 एवं धारा 35ए के निरस्तीकरण की ऐतिहासिक घोषणा शामिल है। उनके कार्यकाल में ही आज देश नक्सल मुक्त होने की कगार पर पहुंच गया है। ऐसी अनेकों उपलब्धियां उनके साथ जुड़ी हैं। कहा कि वे इसी तरह माँ भारती की अहर्निश सेवा करते रहें। यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह को झारखंड की समस्त जनता की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## पेसा नियमावली लागू करें वरना सचिव दें स्पष्टीकरणः हाईकोर्ट

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार को पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम-1996 (ढएरअ अ३) की नियमावली 6 सितंबर 2025 तक लागू करने का सख्त निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ ने यह आदेश सुनाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ, तो अगली सुनवाई में पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देना होगा। कोर्ट ने कहा कि आदेशों की अनदेखी न्यायालय की अवमानना है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि 29 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था कि दो माह के भीतर पेसा नियमावली लागू की जाए। अब तक ऐसा नहीं हुआ है। यह अवमानना (उङ्गल्लडेस्त्र३ ङ्ग उङ्ग४१३) का गंभीर मामला है। 25 जून को अवमानना याचिका स्वीकार की गई थी, नोटिस भी जारी हुआ था, बावजूद इसके पंचायती राज विभाग ने अब तक कोई जवाबी हलफनामा (आग्र्फ़ि३) दाखिल नहीं किया है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार न्यायालय के आदेश को गंभीरता से नहीं ले रही है, जो कि उचित नहीं है। कोर्ट ने आगे निर्देश दिया कि पेसा अधिनियम लागू करने के लिए अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए, उसकी तिथि-वार जानकारी अगली सुनवाई में दे।

## सुविचार

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.

# अपराधियों के हौसले बढ़ाती डिजिटल तकनीक

राजस्थान के जोधपुर जिले के मीडिया इन्फ्लुएंसर को अपराधियों ने अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए 20 लाख रु. की मांग पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर दो कथित अपराधियों को पकड़ा है। मीडिया इन्फ्लुएंसर और उसकी कामेडियन पत्नी को उनके अश्लील वीडिया वायरल करने की धमकी दी गई। खैर, यह तो इन्होंने हिम्मत दिखाकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी अन्यथा देश दुनिया में इस तरह की धमकियां देकर डरा-धमकाकर वसूली करने के अपराधों की बाढ़ से आ गई है। दरअसल, डिजिटल तकनीक का अपराधियों द्वारा अपराध में उपयोग आम होता जा रहा है। डिजिटल तकनीक के कारण अपराधियों के बढ़ते हौसले की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि पिछले दिनों एक महिला की निजी तस्वीरों को वाट्सएप पर सार्वजनिक करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अजय भनोट ने जमानत देने से इनकार करते हुए सख्त टिप्पणी की। न्यायमूर्ति भनोट ने 2023 में भी सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो अपलोड के प्रकरण में गंभीर टिप्पणी की थी। डिजिटल क्रांति ने अपराध की दुनिया में बड़ी सेंध लगा ली है। अपराधी विभिन्न माध्यमों से डिजिटल तकनीक का उपयोग कर गंभीर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, डेटाबेस, डिजिटल डिवाइस, इंटरनेट आदि के माध्यम से नित नए अपराध की तरीके अपना रहे हैं। सोशल मीडिया और स्मार्टफोन का खासतौर से इस्तेमाल करते हुए लोगों की निजी जिंदगी को प्रभावित करने के साथ डिजिटल अरेस्ट, साइबर ठगी जैसे गंभीर अपराध बेखौफ कर रहे रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट या बैंक अकाउंट ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर लोग अच्छे पढ़े-लिखे, समाज में अच्छे पदों से सेवानिवृत या यों कहे कि समझदार लोग ही अधिक शिकार हो रहे है। अभी कुछ दिनों पहले ही एक माननीय न्यायमूर्ति ने कहा कि वे साइबर ठगी के शिकार होते-होते बचे हैं। डिजिटल तकनीक से अपराध करने वालों के हौसलों को देखिये कि कुछ घंटों नहीं अपितु कई दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रख कर लाखों रुपए अपने खातों में डलवा रहे हैं। यह सब तो तब है जब कि सरकार मोबाइल टोन के समय ही ओपनिंग मैसेज के माध्यम से आगाह कर रही है पर इस तरह की घटनाओं में साल दर साल मल्टीपल बढ़ोतरी हो रही है। 1970 से 1990 के दो दशकों में केविन मिटनिक और उनके साथियों ने मोटोरोला, नोकिया आदि के नेटवर्क में सेंध मारना शुरू कर दिया था। बॉब थामस ने क्रीपर वायरस के माध्यम से कम्प्यूटर सिस्टम को बड़ा नुकसान पहुंचाया। इसके बाद तो समय-समय पर वायरसों द्वारा कम्प्यूटर सिस्टम को हैंक या प्रभावित करने का सिलसिला ही चल निकला। कम्प्यूटर आधारित अपराधों का केवल अमेरिका का 2015 का आंकड़ा ही चौकाने वाला है जिसमें एफबीआई के अनुसार 2 लाख 88 हजार से भी अधिक शिकायतों के साथ केवल एक वर्ष में 445 अरब डॉलर के नुकसान का दावा किया गया। साइबर ठगी के मामलों में रूस पहले पायदान पर तो यूक्रेन दूसरे पायदान पर है। चीन, अमेरिका, नाइजीरिया और रोमानिया का नंबर आता है। इससे एक बात तो साफ हो जाती है साइबर ठगों के सारी दुनिया में हौसले बुलंद है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन साल में ही ठगी के नए-नए तरीकों से ठगी की राशि 20 गुणा बढ़ गई है। 2025 के शुरूआती दो महीनों में ही 17 हजार 718 से अधिक मामलों में 210 करोड़ 21 लाख रु. से अधिक की ठगी हो चुकी है। साल 2022 में साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट या इस तरह की ब्लैक मेलिंग, ऑनलाइन ठगी आदि के 39925 मामलों में 91 करोड़ 14 लाख की ठगी हुई थी जो एक साल बाद ही 2023 में बढ़कर 60676 हो गई और इसमें 339 करोड़ रु. की राशि की ठगी हो गई। लाख प्रयासों के बावजूद 2024 में एक लाख 23 हजार 672 मामलों में 1935 करोड़ 51 लाख रु. की ठगी हो गई। यह तो वे मामले हैं जो पुलिस में दर्ज हुए हैं जबकि हजारों मामले ऐसे भी हैं जिनमें शिकायत दर्ज कराए ही नहीं कराई गई। खास बात यह है कि ठगी के केन्द्र व ठगी के तरीके से वाकिफ होने के बावजूद यह हो रहा है। हालांकि झारखण्ड के जमातड़ा से ठगों के तंत्र को तोड़ दिया गया पर देश में एक-दो नहीं अपितु 74 जिलों में इस तरह की ठगी करने वालों के हॉटस्पॉट विकसित हो गए। झारखण्ड, राजस्थान, हरियाणा और बिहार के केन्द्र पहले पांच प्रमुख सेंटर विकसित हो गए। हैंकिंग, रेनसमवेयर, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैक मेलिंग अपराधियों के प्रमुख हथियार हैं। व्यक्ति को इस तरह से भयग्रस्त कर देते हैं कि समझदार और पढ़े-लिखे होने के बावजूद पैसा गंवा बैठते हैं। ठगी, जबरन वसूली, पोर्नोग्राफी, बाल पोर्नोग्राफी, धनशोधन, औद्योगिक जानकारी चुराने, ड्रग, ब्लेक मेलिंग, डराने-धमकाने सहित विभिन्न तरह के अपराध को अंजाम देने में इन्होंने विशेषज्ञता हासिल कर ली है। लोगों की गाढ़ी कमाई को हजम करने में इन्हें विशेषज्ञता हासिल है। लोगों की कमजोरी को यह समझते हैं और उसी कमजोरी के चलते पढ़े-लिखे और होशियार लोगों को भी आसानी से ठगी का शिकार बना लेते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि डिजिटल तकनीक ने बहुत कुछ बदल कर रख दिया है। तकनीक ने समझ और संवाद को आसान बनाया है। जानकारी का पिटारा खोला है। पर इसके साइड इफेक्ट के रुप में अपराधियों का जाल भी तेजी से फैल रहा है। ऐसे में साइबर कानून और साइबर थाने बना देने भर से समस्या का समाधान होने वाला नहीं। देखा जाए तो डिजिटल ठगी करने वाले तकनीक और सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं। ऐसे में डिजिटल अपराध और अपराधियों से लोगों को बचाने की फूलप्रुफ तकनीक व व्यवस्था बनानी ही होगी।

# स्कूल छोड़ती बेटियाँः संसाधनों की कमी या सामाजिक चूक

बेटियों की शिक्षा को लेकर गढ़ा गया नारा हर गली-चौराहे, सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39 .4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा- ये सारी बातें जमीनी हकीकत हैं जिनसे रोज हजारों बच्चियाँ जूझ रही हैं।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है कि 15 से 18 वर्ष की उम्र की लगभग 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हो चुकी हैं। शिक्षा के इस मौन पलायन के पीछे स्कूलों की दूरी, परिवहन की अनुपलब्धता, शौचालयों की कमी और सुरक्षा को लेकर भय जैसे कारण हैं। यह स्थिति केवल व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता की कमजोरी को भी दशार्ती है। यह सवाल है क्या हम सच में बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं? बेटियों की शिक्षा को लेकर गढ़ा गया नारा हर गली-चौराहे,

**प्रियंका सौरभ**

सरकारी इमारतों और बैनरों पर चमकता है, लेकिन यह उन गाँवों और बस्तियों तक नहीं पहुँच पाता जहाँ बेटियाँ रोज स्कूल छोड़ रही हैं। हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 15 से 18 वर्ष की आयु वर्ग की 39.4 फीसदी लड़कियाँ स्कूल से बाहर हैं। यह आंकड़ा केवल संख्या नहीं, यह हमारे सामाजिक ढांचे पर एक कठोर टिप्पणी है। घर से स्कूल की दूरी, सुरक्षित परिवहन की कमी, उच्च माध्यमिक विद्यालयों का अभाव, शौचालयों की स्थिति और सामाजिक असुरक्षा- ये सारी बातें जमीनी हकीकत हैं जिनसे रोज हजारों बच्चियाँ जूझ रही हैं। अंततः उन्हें शिक्षा से हाथ धोना पड़ता है। हकीकत यह है कि नामांकन के बाद लड़कियाँ स्कूल में टिक नहीं पातीं।

एक आम ग्रामीण परिदृश्य को देखें। पाँचवीं तक का स्कूल तो आसपास है लेकिन आठवीं के बाद विद्यालय दूर है। परिवहन की सुविधा नहीं। न बस, न साइकिल, न ही कोई महिला सहकर्मी या मार्गदर्शक। माता-पिता अपनी बेटी को पाँच किलोमीटर दूर अकेले भेजने से डरते हैं। उन्हें चिंता होती है कि रास्ते में कोई छेड़छाड़ न हो, कोई हादसा न हो। उस चिंता में स्कूल जाना बंद हो जाता है।

शौचालयों की बात करें तो यह सिर्फ सुविधा नहीं, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा है। किशोरावस्था में लड़कियाँ उन परिवर्तनों से गुजरती हैं, जहाँ एक स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय उनकी शिक्षा की निरंतरता तय कर सकता है। लेकिन अधिकांश सरकारी स्कूलों में या तो शौचालय हैं नहीं या हैं तो गंदे, असुरक्षित या क्षतिग्रस्त हालत में हैं। माता-पिता के लिए यह एक और कारण बन जाता है अपनी बेटियों को स्कूल से हटाने का।

सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। जिन स्कूलों में कोई महिला शिक्षक नहीं होतीं, कोई सीसीटीवी कैमरा या गार्ड नहीं होता, वहाँ किशोर लड़कियों को भेजना आज भी माता-पिता के लिए जोखिम उठाने जैसा है। यह डर केवल अव्यवस्था से नहीं, समाज की असंवेदनशीलता से भी उपजा है। आए दिन होने वाली घटनाएं, समाचारों में आती छेड़छाड़ की खबरें इस भय को और गहरा करती हैं।

इन सबके अलावा शिक्षा को लेकर समाज की प्राथमिकताएँ भी स्पष्ट नहीं हैं। एक लड़का पढ़े तो ह्यपरिवार का भविष्यह्न बनता है, लेकिन लड़की पढ़े तो ह्यशादी की उम्र निकलने का डरह्न पैदा होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह मानसिकता अब भी गहराई से मौजूद है। लड़कियों की शिक्षा को ह्यलाभह्न से ज्यादा ह्यखर्चह्न माना जाता है। इन परिस्थितियों में बेटियां स्कूल छोड़ दे, तो क्या इसमें उसकी गलती है? या यह एक सामूहिक चूक है- व्यवस्था, समाज और हमारी। इस स्थिति का समाधान केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, ठोस क्रियान्वयन से होगा। सबसे पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि हर गाँव से तीन किलोमीटर के दायरे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हो। यह बुनियादी शैक्षिक ढांचा हर बच्चे का अधिकार है। परिवहन की सुविधा उतनी ही जरूरी है जितनी शिक्षक की उपस्थिति। यदि बच्चियाँ स्कूल नहीं पहुँच पाएंगी तो पढ़ेंगी कैसे? सरकार को स्कूल वैन, छात्रा साइकिल योजना या सार्वजनिक परिवहन में ह्यस्कूल पासह्न जैसे विकल्प सुनिश्चित करने होंगे। हर स्कूल में स्वच्छ और उपयोगी शौचालयों की अनिवार्यता होनी चाहिए। महिला कर्मचारियों की नियुक्ति, नियमित निरीक्षण और साफ-सफाई के लिए स्थानीय प्रशासन को उत्तरदायी बनाया जाए।

सुरक्षा के लिए प्रत्येक स्कूल में महिला शिक्षकों की उपस्थिति बढ़ाई जाए। सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरा और स्कूल परिसर में अभिभावकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाए। यह कदम न केवल बेटियों को सुरक्षा का भरोसा देगा, बल्कि अभिभावकों को मानसिक शांति भी।

इसके साथ ही स्कूलों के भवन और अधोसंरचना को केवल औपचारिकता के लिए नहीं, गुणवत्ता के साथ विकसित किया जाना चाहिए। पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, खेल का मैदान- ये सब स्कूल के मानक हिस्से होने चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण बिंदु डिजिटल शिक्षा है। महामारी ने दिखा दिया कि जिनके पास मोबाइल, इंटरनेट और बिजली नहीं, वे पढ़ाई से बाहर हो जाते हैं। ग्रामीण स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और उपकरण की उपलब्धता अब विलासिता नहीं, अनिवार्यता है। शिक्षा विभाग को उन लड़कियों की नियमित सूची बनानी चाहिए जो स्कूल छोड़ चुकी हैं। उनके घर जाकर कारण जानना, उन्हें वापस लाने के लिए प्रेरित करना, और माता-पिता को विश्वास में लेना प्रशासन की जिम्मेदारी होनी चाहिए। साथ ही समाज को भी आत्मावलोकन करना होगा। हम अपनी बेटियों को क्यों पढ़ाना चाहते हैं – नौकरी के लिए, शादी के लिए या आत्मनिर्भरता के लिए? जब तक समाज का जवाब अस्पष्ट रहेगा, तब तक समाधान भी अधूरा रहेगा। प्रशासन, समाज और परिवार को मिलकर यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि कोई भी बच्ची शिक्षा से वंचित न हो। इसका अर्थ है केवल विद्यालय खुलवाना नहीं, बल्कि उसमें बेटी के जाने और टिके रहने की पूरी ज़िम्मेदारी लेना।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सदन में स्वस्थ बहस से ही लोकहित संभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में कहा यह सत्र भारत के विजयोत्सव का सत्र है। यह भारत के गौरव गान का सत्र है। यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का सत्र है। यह विजयोत्सव आतंकी हेड क्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का सत्र है। भारत की सेना के शौर्य साहस की विजयगाथा का विजयोत्सव है। यह सत्र भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता का अप्रतिम विजयोत्सव है। उन्होंने प्रतिपक्ष से कहा हमसे किसी तीसरे देश ने युद्ध को लेकर बात नहीं की।

लोकसभा और राज्यसभा में ज्वलंत मुद्दों पर आदर्श चर्चा की जिम्मेदारी सरकार और प्रतिपक्ष की बराबर होती है। गत वर्षों में देखा जा रहा है कि सदन में कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। सदन ठीक नहीं चल पाने के कारण भारतीय जनमानस का नुकसान होता है। निराशा होती है। जनता से जुड़े बुनियादी सवालों पर चर्चा नहीं होने से अनेक मामले लंबित रह जाते हैं। निष्कर्ष नहीं आते। फिर चाहे वह आंतरिक सुरक्षा की बात हो चाहे राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा की बात हो अथवा आतंकवादी हमलों जैसे गंभीर विषय हो। अच्छी चर्चा नहीं होने से सत्ता पक्ष के

**अरुण कुमार दीक्षित**

मंत्रियों को जहां सुविधा होती है कि उन्हें प्रश्नों के उत्तर नहीं देने पड़ते, उनकी जवाबदेही तय नहीं हो पाती है। वहीं, प्रतिपक्ष की नाकामी भी सीधे दिखाई पड़ती है। प्रतिपक्ष जो बातें सदन के बाहर करता है वे सभी बातें प्रश्न लोकसभा राज्यसभा सदन में क्यों नहीं कर पाता है। प्रतिपक्ष सत्ता पक्ष पर दोष मढ़कर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करता आया है।

यह आदत और ढंग अब बदलने चाहिए। सदनों की कार्यवाही मीडिया में सीधे प्रसारित होती है। सोशल मीडिया में भी दिखाई पड़ती है। इससे क्या प्रतिपक्ष ने कहा और सत्ता पक्ष ने क्या किया? वह सब जन मानस में दृष्टिगत होता रहता है। आदर्श लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए सदनों में सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष को पारदर्शी ढंग अपनाने होंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो जनता के मन में राजनीतिज्ञों और चुनकर जाने वाले जनप्रतिनिधियों के ऊपर घटते विश्वास को और अधिक बल मिलेगा। लोकसभा सबसे बड़ी और जिम्मेदार संवैधानिक संस्था है। लोकसभा भारत के जन गण मन का मंदिर है। लोकतांत्रिक आस्था का केंद्र है लोकसभा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में कहा यह सत्र भारत के विजयोत्सव का सत्र है। यह भारत के गौरव गान का सत्र है। यह विजयोत्सव सिंदूर की सौगंध पूरा करने का सत्र है। यह विजयोत्सव आतंकी हेड क्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का सत्र है। भारत की सेना के शौर्य साहस की विजयगाथा का विजयोत्सव है। यह सत्र भारत के एक सौ चालीस करोड़ लोगों की एकता का अप्रतिम विजयोत्सव है। उन्होंने प्रतिपक्ष से कहा हमसे किसी तीसरे देश ने युद्ध को लेकर बात नहीं की। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का प्रधानमंत्री ने नाम लेकर कहा उन्होंने (जेडी वेंस) उनसे कहा कि पाकिस्तान भी जवाबी कार्रवाई करेगा। तो हमने (मोदी ने) कहा कि वह गोली चलाएंगे तो हम जवाब गोले से देंगे। मगर प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य से प्रतिपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ। प्रतिपक्ष उत्तर में चाहता था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उस वक्तव्य पर जिस पर ट्रंप ने कई बार कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत का ऑपरेशन सिंदूर हमने रुकवाया है, पर चर्चा हो। प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि (पीओके) पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा क्यों नहीं किया गया। इस पर केंन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि 62 के चीन युद्ध में क्या हुआ 38 हजार वर्ग किमी भूमि अक्साई चीन को छोड़ दी। कहा उस समय जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। तब नेहरू ने कहा था कि उस भूमि पर तो घास भी नहीं उगती है, क्या करेंगे उस भूमि का। जिस तरह नेता प्रतिपक्ष और अन्य प्रतिपक्षी सरकार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर घेर रहे हैं, वह संचार माध्यमों से सभी ने देखा है। जबकि पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री के स्पष्ट वक्तव्य सदन में स्वयं उनके द्वारा आ चुके हैं। पहले सप्ताह में सदन नही चलने पर संसदीय कार्य मंत्री ने चिंता जताई थी।

आश्चर्य की बात है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर भी लोकसभा और राज्य सभा में प्रतिपक्ष पूरे मनोयोग से प्रधानमंत्री के साथ खड़ा नहीं दिखाई दे रहा था। हंगामा होता रहा। होना तो चाहिए था कि भारत राष्ट्र से किसी देश से हो रहे युद्ध को लेकर अथवा युद्ध जैसी परिस्थितियों में नेता प्रतिपक्ष सहित अलग-अलग संपूर्ण विचारधारा मानने वाले लोगों को राष्ट्र सर्वोपरिता के सिद्धांत पर चलते दिखाई देना चाहिए। पर ऐसा हो न सका। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि लोग चाहते थे कि आतंकवादियों के सिर में गोली मारी जाए और ऐसा ही हुआ। तीनों आतंकवादियों को सुरक्षाकर्मियों ने सिर में ही गोली मारी। उन्होंने कहा भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने गुहार लगाई। घुटने टेके। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यह वक्तव्य राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर हो रही विशेष चर्चा के समय दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि आतंकी शिविरों, आतंकी प्रशिक्षण शिविरों और लॉन्चिंग पैड्स पर हमला 9 मई को किया गया। इस हमले को पाकिस्तान अपने ऊपर मान रहा था। इसके बाद गृहमंत्री कांग्रेस पर हमलावर रहे। मगर प्रतिपक्ष इस वक्तव्य से संतुष्ट नहीं हुआ। लोकसभा में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो अन्य वे सभी लोकहित से जुड़े होते हैं। सरकार द्वारा प्रतिपक्ष द्वारा उठाए जा रहे विषयों पर गौर करते हुए सदन चलना शुचिता का संदेश होता है। बिहार राज्य की मतदाता सूचियों को लेकर भी दोनों सदनों में हंगामा हो चुका है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जोर देकर कहा कि अगर लोकतंत्र को मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न काल के दौरान ही प्रश्न उठाने होंगे। इससे सरकार की जवाबदेही तय होती है। उन्होंने कहा सांसदों को अपने प्रश्न उठाने दें। देश के लोगों की अपेक्षाएं और आकांक्षाएं पूरी होने दें। देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। भारतीय जनमानस में राजनीतिज्ञों के प्रति अविश्वास गहराया है। राजनीतिज्ञ किसी भी बात के प्रति आज आश्वस्त करता है। कल भूल जाता है। राजनीतिक व्यक्ति प्रायः किसी बात के प्रश्नों को मना नहीं करता है। मगर बुनियादी समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों के वक्तव्य संवेदनहीन दिखाई देते हैं। जनता के मन में यह विश्वास दृढ़ होता जा रहा है कि चुनाव बाद जनप्रतिनिधियों द्वारा समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता हैं। वे राजनीति के कर्मकांडीय पक्ष माला, माइक, उद्घाटन, पत्थर, आश्वासनों से पांच वर्ष का कार्यकाल गुजार देते हैं। जनता के सामने इसका कोई विकल्प भी नहीं होता है। वे किससे आग्रह करें कि उनके गांव का शैक्षिक वातावरण कैसे ठीक हो? शिक्षा की समस्याओं के साथ उच्च शैक्षिक संस्थानों की मनमानी पर क्या करें ? बेरोजगारी पर कहाँ जाएं। रेल के बिजली के कृषि के पुलिस के राजस्व के सिंचाई के अधिकारियों की मनमानी पर कौन बात करें? परिवहन व्यवस्था ठीक करने के प्रश्न हैं। अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी, दवाओं की कमी , एम्बुलेंस, अस्पताल भवन की कमी है। अनेक भवन जर्जर हैं। बीमारियों की सटीक पहचान करने वाली मशीनों की कमी है। बजट की कमी है। अनेक बुनियादी प्रश्न अनुत्तरित है। यह भी सही है कि इधर के कुछ वर्षो में सुधार आया है। कोई भी कानून लोकसभा- राज्यसभा से ही पारित होकर जनता के लिए निकलते हैं। जनता की सुविधा बनते हैं। बड़े मीडिया संस्थान बड़े महानगरों की छोटी खबरों पर ध्यान देते हैं। अधिक फोकस करते हैं। गांव की बड़ी समस्याओं पर छोटी खबरें भी बनाने से कतराते हैं। गत दिनों राजस्थान में एक विद्यालय की छत गिरने से 8 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना में खामी कहां थी। सरकारी तंत्र ने क्यों नहीं देखा। यह किसी भी राज्य की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति की जीवन रक्षा का कर्तव्य उसी की है। इसका मतलब यह नहीं है कि जहां घटना होती है वहां की सरकार किस रंग की है। किस झंडे की है। किस दल की है। सरकारी भवनों की गुणवत्ता किसी से छुपी नहीं है। नौकरशाही और राजनीति जब तक ईमानदारी, दृढ़ इच्छा शक्ति से काम नहीं करेगी तब तक इस तरह की घटनाओं में कमी नही आएगी। लोकसभा में बहस से ही लोकहित संभव है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भाई को राखी बंधते समय कितनी गांठ लगानी चाहिए

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक रक्षाबंधन के पर्व पर राखी बांधते समय तीन गांठें लगाना शुभ माना जाता है। इन तीन गांठों का संबंध त्रिदेव यानी कि ब्रह्मा, विष्णु और शिव से माना जाता है। इन गांठों का अपना महत्व और अर्थ होता है, जोकि भाई-बहन के रिश्ते को अधिक मजबूत बनाता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक राखी की पहली गांठ भाई की सुरक्षा और लंबी आयु की होती है। बहन भगवान से अपने भाई की सभी संकटों से रक्षा करने, उसको स्वस्थ रखने, दीघार्यु और भाई की खुशहाली व समृद्धि की कामना करती है। राखी की दूसरी गांठ बहन की लंबी उम्र और भाई-बहन के रिश्ते में मिठास, प्यार और आपसी समझ बढ़ाने के लिए लगाई जाती है। यह गांठ भाई-बहन के मजबूत रिश्ते को दशार्ती है और उनमें हमेशा सद्भाव रहे। साथ ही वह हमेशा एक-दूसरे का साथ दें। राखी की तीसरी गांठ भाई-बहन की अपने-अपने धर्म और कर्तव्यों के प्रति



प्रतिबद्धता को दशार्ती है। यह गांठ इस बात पर जोर देती है कि भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन निभाए और बहन अपने भाई के लिए स्नेह और कर्तव्य का पालन करें।

रक्षाबंधन पर जब बहन भाई को राखी बांधे तो ध्यान रखें कि वह पहले राखी को गंगाजल से शुद्ध कर लें और फिर भाई की कलाई पर राखी बांधे। वरना इससे दोष उत्पन्न हो सकता है और भाई पर संकट आ सकता है। इसके साथ ही ग्रहों का दुष्प्रभाव भी पड़ सकता है और अशुभ परिणाम मिल सकते हैं।

## सेहत

### मुंह के छालों से हो गए हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मियों में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। क्योंकि इस मौसम में जरा सी लापरवाही बरतने पर आप बीमार पड़ सकते हैं। गर्मियों में अधिकतर पेट से जुड़ी दिक्कतें होती हैं। अगर पेट साफ नहीं होगा, तो इसका सीधा असर आपके चेहरे से लेकर मुंह तक नजर आएगा। वहीं गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने पर कई बीमारियां बढ़ जाती हैं। इन्हीं में से एक समस्या मुंह में छाले निकलना है।

पेट की गर्मी की वजह से मुंह में छाले निकलने लगते हैं। पेट की गर्मी शांत करने का सबसे अच्छा और आसान तरीका खुद को हाइड्रेट रखना है। कि न तो कुछ खाया जाता है, न कुछ पिया जाता है। साथ ही बोलने में भी दिक्कत होती है। ऐसे में अगर आपको भी मुंह के छाले की समस्या बार-बार होती है, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर मुंह के छालों की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

**शहद** : मुंह के छालों के लिए शहद रामबाण इलाज साबित हो सकता है। शहद एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। कुछ देर के लिए शहद को छालों पर लगाएं। इसके बाद कुल्ला करें। इससे छाले तेजी से ठीक होंगे।

**फिटकरी का पानी** : फिटकरी एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों से भरपूर होती है। फटकरी छालों को जल्दी ठीक करता है। इसके लिए ज्यादा मेहनत करने की भी जरूरत नहीं है। इसके लिए सादे पानी में आधा चम्मच फिटकरी पाउडर मिला लें। फिर इस पानी से कुल्ला करें। इस नुस्खे से छालों के दर्द में आराम मिलता है। आप दिन में दो बार यह नुस्खा अपना सकते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** दिशोम गुरू शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन पर दिनांक 5 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डोमचांच में शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोक सभा में महाविद्यालय के सचिव हिमांशु कुमार एवं प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर समेत महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत शिबू सोरेन की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस शोक सभा में महाविद्यालय के सचिव श्री हिमांशु कुमार ने दिशोम गुरू को श्रद्धांजलि अर्पित




करते हुए कहा कि एक युग का अंत हुआ. झारखण्ड की माटी ने अपना सबसे बड़ा सपूत खो दिया है। 81 वर्ष की उम्र में उनका निधन झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की राजनीति के लिए एक युग का अंत है। वे झारखण्ड की अस्मिता, सम्मान और पहचान के लिए अंतिम सास तक लड़ते रहे, उन्होंने आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। गुरूजी का कोडरमा से भी था गहरा नाता। उनके निधन से कोडरमा जिले में भी शोक की लहर दौड़ गई है। कोडरमा के लोगों के लिए वे सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि संघर्ष और बदलाव के प्रतिक थे। आज जब दिशोम गुरू हमारे बीच में नहीं है, अब उनकी स्मृतियाँ, उनका संघर्ष और उनकी सोच हमेशा झारखण्डवासियों को प्रेरणा देंगी। वे सदा प्रेरणा बन कर झारखण्ड के कण - कण में हमेशा रहेंगे। शोक सभा में मुख्य रूप से महाविधालय के प्राचार्य, डॉ. भूपेंद्र ठाकुर, प्रो. डॉ. विनोद कुमार अवस्थी, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, प्रो. हरीश कुमार नीरज, प्रेमांशु कुमार, सुधांशु कुमार शेखर, सूरज कुमार, विनय कुमार, जितेंद्र रजक, सिकंदर ठाकुर, रविंद्र पाण्डेय, शंकर चेमलिंग, मोनू, अनूप शर्मा, वे बी. एड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षणार्थी चंदन कुमार, शुभलक्ष्मी, देशराज भास्कर गोस्वामी, रवि कुमार, रोहित, ऋषि रानी, समृद्धि, इअ की मनीषा कुमारी, राजेश कुमार, मुकेश चौधरी और इउअ के छात्र पियूष कुमार, अरविन्द कुमार, सौरभ शेखर एवं डी. एल. एड. के सभी प्रशिक्षणार्थी भी मौजूद थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छेड़खानी मामले में कार्रवाई की मांग

**साहिबगंज**:जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंजुमन नगर निवासी एक नाबालिक बच्ची ने छेड़खानी मामले को मामले को लेकर एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताई की एक अगस्त को सुबह छह से सात बजे के बीच वह झरना कॉलोनी के रास्ते अपने विद्यालय जा रही थी।इसी बीच अंजुमननगर निवासी मो. चांद अंसारी मेरा पीछा करते हुए कहा कि हमसे बात चित किया करो मुझे तुम पसंद हो ।इसी दौरान गंदी-गंदी बातें करने लगा और मुझे धमकी देने लगा। साथ ही मेरे साथ शारीरिक गलत व्यवहार करने लगा। तभी मैं किसी तरह से अपने आप को बचाकर भागी और घर पहुंची।उसी दिन शाम को कुछ लोग मेरे घर आकर मुझे धमकाया कि अगर चांद की सुबह की हरकत की शिकायत कही की तो तुम्हें जान से मार देंगे।इधर जिरवाबाडी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### लाठी डंडे से मारपीट कर किया घायल

**साहिबगंज** : मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना निवासी मो. जुबेर 44 वर्ष को कुछ लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल जुबेर किसी तरह से अपनी जान बचाकर भागा और इस घटना की जानकारी स्वजनों को दिया।स्वजन आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया।इधर जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए।घायल मो. जुबेर ने बताया कि वह हरियाणा क्रेशर प्लांट में बीते पांच से छः साल से काम कर रहा है। मंगलवार को काम खत्म करके हरियाणा प्लांट से बाहर निकल कर घर लौट रहा थे। इसी दौरान हरियाणा क्रेशर प्लांट के समीप पहले से घात लगाए धर्मेंद्र यादव लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। इससे पहले भी धर्मेंद्र यादव से पूर्व में विवाद हुआ था। इधर घायल के सिर व शरीर पर गंभीर चोट लगी है ।इधर जिरवाबाडी प्रभार प्रभारी मो. शाहरुख ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें : सिविल सर्जन

**साहिबगंज** : सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पतना में ईलाज चल रहे कालाजार पीकेडीएल रोगी का मॉनिटरिंग किया गया।जिसमे सिविल सर्जन के द्वारा उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी व सभी पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए मरीजों को बेहतर



स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया।विदित हो की यह कालाजार पीटेगीएल रोगी ओपीसीआर धनात्मक पाए गए थे! इस मौके पर डॉ० शमशुल हक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ० सत्तीबाबू डबडा जिला भीबीडी सलाहकार, आदित्य कुमार सहायक, अशीमुल हक केटीएस , पप्पू कुमार घोष डब्ल्यूएचओ मॉनिटर, दीपक कुमार पिरामल स्वास्थ्य, एएनएम आदि सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### अपर समाहर्ता ने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्या सुनी

**साहिबगंज**:अपर समाहर्ता गौतम भगत ने मंगलवार को सदर प्रखंड के बाढ़ ग्रस्त दियारा इलाकों का भ्रमण किया।उन्होंने रामपुर दियारा दुर्गा स्थान टोला,टोपरा, किशनप्रसाद इलाकों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्या सुनी।ग्रामीण भोला सिंह,मुंशी कुमार,सिकंदर सिंह, सरिता देवी,सुमरिया देवी,लक्ष्मी सिंह, पूनम कुमारी,रवि कुमार,जोगा सिंह,हरे राम सिंह,योगेंद्र सिंह,कुंदन सिंह, सिकंदर सिंह,हरि चरण,अमरनाथ सहित दर्जनों ग्रामीणों ने पेयजल व खाद्य पदार्थ की मांग की।ग्रामीणों ने बताया कि रामपुर टोपरा की



लगभग 2000 आबादी पूरी तरह से बाढ़ में घिरी है। अपर समाहर्ता ने ग्रामीणों को उनकी जरूरत पूरी करने का आश्वसन दिया। वहीं ग्रामीणों ने बिहार से आए हुए लोगों के बसने की जानकारी दी।किसन प्रसाद में ग्रामीणों ने विद्यालय संचालन में गड़बड़ी की शिकायत की।मौके पर सीआई उमेश कुमार व अन्य थे।

### गैस गोदाम से 50 खाली सिलेंडर चोरी

**साहिबगंज/उधवा** : राधानगर थाना क्षेत्र के भूदेव टोला गांव में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। देर रात अज्ञात चोरों ने एक गैस गोदाम से 50 खाली गैस सिलेंडरों की चोरी कर ली। मामले को लेकर भूदेव टोला निवासी मनोज कुमार भगत ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनके गैस गोदाम में बीती रात अज्ञात चोर घुस आए और 50 खाली सिलेंडर चुरा ले गए। सुबह जब वे अपनी दुकान पर पहुँचे तो सिलेंडर गायब पाए गए। शिकायत के आधार पर राधानगर पुलिस ने कांड संख्या 300/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 329(3)/305 के तरह अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### सांप डसने से बिगड़ा तबीयत, अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज :मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भट्टा निवासी अमर नाथ यादव सर्पदंशा का शिकार हो गया।स्वजनों निंयन खनन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर तुरंत प्राथमिक उपचार में जुट गए। अमरनाथ के स्वजनों ने बताया कि खेत में काम करने गया इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे पर में कट लिए। तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

# पतंजलि के तत्वाधान में जड़ी बूटी दिवस मनाया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के तत्वाधान में युवा भारत पतंजलि परिवार के द्वारा जड़ी बूटी दिवस मनाया गया आज सुबह जगह- जगह पर पेड़ पौधे लगाए गये और निशुल्क बांटा गया यह कार्यक्रम योगाचार्य सुषमा सुमन के अगुवाई में हुई इसमें पतंजलि परिवार के योग शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सभी लग रहे सुषमा सुमन ने बताई आज बहुत शुभ दिन है भारत का भविष्य को मजबूत करने के लिए और साथ में भारत को ऋषि मुनि देश वापस आने का संकेत भी मिल रही है , सैकड़ो वर्ष के पूर्व सारे बीमारी का इलाज आयुर्वेद पौधा से होता था और सैकड़ो वर्ष मनुष्य स्वस्थ जीवित रहते थे आज आचार्य शिरोमणि बालकृष्ण जी महाराज का जन्म दिवस के शुभ अवसर पर आज पूरे भारत में जड़ी बूटी दिवस मनाया गया साथ में कोडरमा जिला में भी सभी प्रखंडों में आज जड़ी बूटी दिवस मनाया गया आचार्य बालकृष्ण जी ने लगभग 65000 पौधों पर रिसर्च करके आज पूरे भारत नहीं पूरा विश्व को आयुर्वेद का लाभ बताएं और सभी लगभग स्वीकार कर रहे



हैं और साथ में कोविड के टाइम में आयुर्वेद बहुत बड़ा सहारा बना और यह आने वाले 20 साल के बाद प्रत्येक घर में आयुर्वेद एक जड़ी बूटी के शहर ही बनेगा और स्वस्थ रहेंगे आज बड़े-बड़े बीमारी हो रही है महामारी की तरह चाहे डायबिटीज हो ब्लड प्रेशर हो हार्ट हो या फिर कैंसर ऐसा बीमारी आज अंग्रेजी दवा की सेवन से सारे परेशान हो रहे हैं इसलिए आयुर्वेद के शरण में आना ही पड़ेगा और जीवन 100 वर्ष खुशहाल रहेगा, आज जो पौधा बांटा गया पारिजात गिलोय एलोवेरा पत्थरचट्टा लेमनग्रास नीम का पेड़ सब निशुल्क वितरण किया गया और लगाया भी गया इस कार्यक्रम में योग शिक्षक शिक्षिकाएं गोपाल शर्मा राजेंद्र बरनवाल राजेश वर्मा प्रदीप कुमार सुमन सुषमा सुमन सुभाष गुप्ता वरुण कुमार सुरेश यादव विजय पंडित पुष्पा देवी दयानंद गुप्ता मुकेश कुमार विनय राणा संगीता देवी सुरेश सिंह सभी योग शिक्षक शिक्षिकाएं ने इस कार्यक्रम में सहयोग किये।

## पूर्व रेलवे ने स्वच्छता अभियान पर किया जागरूकता कार्यक्रम



साहिबगंजःस्वच्छ भारत मिशन को मजबूती देने के लिए पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने भागलपुर, साहिबगंज व मालदा टाउन रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों व रेलवे कर्मचारियों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना था।कार्यक्रम के तहत स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों को हाइजीन और पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए सूचनात्मक पंपलेट वितरित किए गए।अभियान में रेलवे अधिकारियों,कर्मचारियों और सफाईकर्मियों ने भाग लिया।उन्होंने न केवल स्वच्छता का संदेश दिया बल्कि स्टेशन परिसर को हराभरा बनाने में भी योगदान दिया।

## दिशोम गुरु को आरपीवाई ग्लोबल स्कूल ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** आरपीवाई ग्लोबल स्कूल कोडरमा में झारखंड अलग राज्य के पुरोधा, आदिवासी अधिकारों के प्रखर पैरोकार, महान नेता एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। विद्यालय परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जी की उपस्थिति में मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। सभा की शुरूआत दो मिनट के मौन से हुई, जिसके पश्चात उपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उनके योगदान को याद किया। प्रधानाध्यापिका जी ने अपने संदेश में कहा कि शिबू सोरेन जी का जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।आज वे हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनकी स्मृतियाँ, उनका संघर्ष प्रेरणा बनकर हमेशा हम लोगों के बीच रहेंगे। भगवान अपने श्री चरणों में उन्हें स्थान दे और ₹उनकी पुण्य आत्मा को शांति मिले।

## पुल के नीचे से हो रहा मिट्टी का कटाव

**संवाददाता**

साहिबगंजःगंगा घाट होकर संत जेवियर स्कूल जाने वाले रास्ते को जोड़ने वाले पुल के नीचे से मिट्टी का कटाव हो रहा है।इससे उक्त पुल के टूटने का अंदेशा जताया जा रहा है।समय रहते अगर ध्यान नहीं दिया गया तो पुल कभी भी धराशायी हो सकता है।इससे संत जेवियर स्कूल जाने के लिए पूर्वी फाटक होकर वनवे हो जाएगा।ऐसे में छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार की रात से पुल के नीचे मिट्टी का कटाव शुरू हुआ है।लेकिन अब तक प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। स्थानीय लोगों ने खतरा को इंगित करने के किये वहां एक



छड़ी में लाल रंग का प्लास्टिक का झोला लगा दिया है।ताकि अवगमान करने वाले इस खतरे को ध्यान में रख कर पुल पर से गुजरें।स्थानीय लोगों में कटाव निरोधक कार्य कर पुल को बचाने की मांग की है।

# उधवा में महिला की पीट पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता**

साहिबगंज/उधवाःराधानगर थाना क्षेत्र के सुखपाड़ा गांव में सोमवार को एक महिला की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान मदिया निवासी होपना हेंब्रम की पत्नी समिया सोरेन के रूप में हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही राधानगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।



मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार समिया सोरेन सोमवार को अपने कुटुंब पात्रो मुसहर के साथ खेत देखने गई थीं। शाम करीब चार बजे गांव के प्रधान द्वारा सूचना मिली कि उनकी मृत्यु हो चुकी है। जब पति होपना हेंब्रम घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी की हत्या राजमहल थाना क्षेत्र के बेगमपुरा निवासी माखन रिख्यासन द्वारा पीट-पीटकर कर दी गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।इस मामले में मृतका के पति होपना हेंब्रम के फर्द बयान पर कांड संख्या 301/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 1 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

# राखी बांधो-संबंध जोड़ो विषय पर एक विशेष कार्यक्रम

**संवाददाता**

**साहिबगंज:**शहर ले छोटा पंचगढ़ में डॉ अजय कुमार सिंह एवं राजेश सिंह के आवास पर रक्षाबंधन के अवसर पर बंधी रहे विश्वास की आस यह रक्षा बंधन है खास विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।मुख्य वक्ता के रूप में कोलकाता बारांदार सेवा केंद्र से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी किरण दीदी रक्षा बंधन की महत्ता बताई। राखी बांधो-संबंध जोड़ो विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की संयोजिका प्रवीणा कुमारी थीं।इस अवसर पर छात्रों ने राखी,रिश्तों और भारतीय संस्कृति के मूल्यों पर आधारित गीत,नाटक,भाषण और स्लोगन प्रस्तुत किया।मंच संचालन के दौरान मुख्य वक्ता बिन्दु दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित



करते हुए कहा कि यह पर्व आत्मा की पहचान कर,मानवता को जोड़ने का संदेश देता है।कार्यक्रम में भाई-बहन के संबंध को केवल शारीरिक नहीं बल्कि आत्मिक दृष्टिकोण से समझाने की कोशिश की गई।वक्ताओं ने कहा कि सच्चा रक्षाबंधन वह है जहाँ हम एक-दूसरे की आत्मा को पहचान कर जीवन को सद्गुणों से सुसज्जित करें!सभी वक्ताओं ने राखी बांधने की परंपरा के साथ-साथ उसके पीछे के सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। छात्राओं ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और सभी ने यह संकल्प लिया कि वे जीवन में सच्चे भाई-बहन के रूप में एक-दूसरे की रक्षा करेंगे!कार्यक्रम में खाली राखी नहीं,संबंधों का बंधन का संदेश दिया गया।हम आत्मा रूप में भाई-बहन हैं विषय पर चर्चा कर आत्मिक एकता का आह्वान किया गया। छात्रों ने नाटक गीत,कविता,स्लोगन, निबंध आदि से कार्यक्रम को जीवंत बनाया गया।वक्ताओं ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं बल्कि संस्कारों का प्रतीक है।कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका प्रवीणा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सभी को इस पर्व के माध्यम से भाईचारे शांति और आत्मिक प्रेम का संदेश समाज में फैलाने की अपील की!मौके पर अधिवक्ता सूर्यनारायण यादव, ब्रह्मदेव यादव,महिला मुक्ति मोर्चा की कोषाध्यक्ष किट्टी सिंह,डॉ शकुंतला सहाय,डॉ भारती पुष्पम,डॉ शहबाज आलम,डॉ एसएन प्रसाद,डॉ ए एन चक्रवर्ती,श्रीनिवास यादव,विनोद यादव, जयप्रकाश,कृष्णा शर्मा,नितेश वर्मा,डॉ अजय कुमार सिंह,तानवी,राजेश कुमार सिंह,डॉ पूनम कुमारी,डॉ भारती कुमारी, पवन सिंह,कुंदन पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# शिबू सोरेन के निधन पर बरहरवा प्रखंड कांग्रेस का शोकसभा

**संवाददाता**

साहिबगंज/बरहरवाःझामुमो सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकतुल्लाह खान के बरहरवा स्थित कार्यालय में शोकसभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी.शोक सभा में बरकतुल्लाह खान ने कहा कि शिबू सोरेन अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन किये और धनकटी आंदोलन से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले एवं राज्य के लोगों के लिए समर्पित रहे।झारखंड की राजनीति के गुरु शिबू सोरेन के निधन से पूरा झारखंड शोक में डूबा हुआ है।शिबू सोरेन के निधन से राज्य को अपूर्ण क्षति हुई है।आगे बरकत खान ने




बताया कि एक युग का अंत हुआ हैभगवान शिबू सोरेन के पूरे परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।उनके परिवार और समर्थकों को मेरी भावपूर्ण संवेदनाएँ,आदरणीय शिबू सोरेन ने झामुमो पार्टी को बढ़ाने में बड़ा योगदान रहा।पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को सामाजिक न्याय एवं जनजातीय कल्याण के लिए सदैव याद किया जाएगा।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम रब्बानी,कमल आर्य, भोलानाथ महतो,अनिता साहा,संतोष झा,थॉमस रॉबर्ट,नेहल अख़्तर,मनोज घोष,अनंत लाल भगत,मिथुन मंडल,निताय सरकार,दिल अफरोज,मो राजू,छोटे लाल,अहमद, शारिक रब्बानी,विष्णु माल,बिक्की, धर्मेंद्र राकेश जयंतो,कुंदन,प्रियांशु, दीपक,राजू सहित अन्य मौजूद थे।

शिल्पा शेट्टी जिन्हें इंटरनेट ने बनाया स्टार

# अब सुपर डांसर का मंच बनाएगा उन्हें सुपरस्टार



ni एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का बेहद लोकप्रिय डांस रियलिटी शो 'सुपर डांसर' चार साल के अंतराल के बाद एक बार फिर दर्शकों के बीच लौट रहा है। इस बार का सीज़न बेहद खास है, क्योंकि इसमें भाग लेने वाले 12 प्रतिभागी न सिर्फ बेहतरीन डांसर हैं, बल्कि सोशल मीडिया पर भी बड़े सितारे बन चुके हैं। अपने वायरल डांस मूव्स से इंटरनेट पर धूम मचाने के बाद अब ये युवा कलाकार एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं। ये सभी मिलकर लाइव मंच पर अपने दमदार टैलेंट से जजेस और दर्शकों का दिल जीतेंगे। शिल्पा शेट्टी ने कहा, हर कंटेस्टेंट अपनी एक अलग स्टाइल और विविधता लेकर आया है। ये युवा कलाकार बेहद आत्मविश्वासी हैं और सोशल मीडिया पर इनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।

इंटरनेट ने जिन्हें बनाया स्टार, अब स्टेज बनाएगा उन्हें सुपरस्टार इस सीज़न की थीम को यह पंक्ति बहुत ही खूबसूरती से बयाँ करती है। बहुत से लोगों के साथ मैंने भी इनकी परफॉर्मेंस इंटरनेट पर देखी और बहुत मुझे यह खूब पसंद आई, लेकिन अब इन्हें सुपर डांसर जैसे भव्य मंच पर लाइव परफॉर्म करते देखना वाकई रोमांचकारी होगा। मुझे यकीन है कि इस सीजन में कुछ जबरदस्त परफॉर्मेंसेस देखने को मिलेंगी और दर्शक इसे भरपूर एन्जॉय करेंगे। शिल्पा शेट्टी, गीता कपूर और मरज़ी पेस्टनजी की तिकड़ी इस शो को जज करेगी। आगामी सीजन हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस, यूनिक डांस स्टाइल और जुनून की दावत देता है। सुपर डांसर चैप्टर 5 की शुरुआत होगी 19 जुलाई को, हर शनिवार-रविवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनीलिव पर.

## शाहिद कपूर ने मजेदार अंदाज में बताया कि वह किस चीज के प्रशंसक हैं

**बॉलीवुड** अभिनेता शाहिद कपूर ने हाल ही में एक मजेदार अंदाज में खुलासा किया है कि उन्हें सुबह की फ्लाइट बेहद पसंद हैं। उन्होंने इन फ्लाइट्स को बेहतरीन बताया। अभिनेता शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक सेल्फी शेयर की। तस्वीर में उनका आधा चेहरा दिखाई दे रहा है। तस्वीर शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, सुबह की फ्लाइट का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। शाहिद, निर्देशक विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अपकमिंग एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा के लिए तैयारी कर रहे हैं। गैंगस्टर फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी हैं। यह 1990 के दशक की मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। अर्जुन उस्तारा 1990 के दशक की एक प्रेम कहानी है, जो एक्शन और गैंगस्टर्स से भरपूर है। फिल्म की कहानी आज़ादी के बाद के मुंबई के अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। इससे पहले अभिनेता और उनकी पत्नी मीरा राजपूत कपूर ने 7 जुलाई को वैवाहिक जीवन के 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया। मीरा ने इंस्टाग्राम पर पुरानी तस्वीरें शेयर कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, दस साल बाद भी आप वैसे ही हो, हमेशा के लिए मेरे। आप और मैं और अब हम... मीरा और शाहिद की इन तस्वीरों ने फैंस का दिल जीत लिया। वहीं, कुछ सेलेब्स ने उन्हें एनिवर्सरी की बधाई भी दी थी। शाहिद कपूर ने मीरा राजपूत से साल 2015 में शादी की थी। उस वक्त मीरा सिर्फ 20 साल की थीं। दोनों की अरेंज मैरिज थी।



मैंने धुरंधर जैसी फिल्म

# पहले कभी नहीं देखीः अर्जुन रामपाल

**अभिनेता** अर्जुन रामपाल अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की किसी भी फिल्म से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने कहा कि ऐसी फिल्म उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अर्जुन ने कहा, फिल्म को बनाने से पहले मेकर्स ने काफी रिसर्च किया है। इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया गया है। फिल्म की पूरी टीम ने अपने-अपने काम में पूरी मेहनत की है। फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद मैंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगा लिया।

फिल्म में अर्जुन के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी अहम किरदार में हैं। अर्जुन ने इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभाया है। ग्रे किरदार उन्हें कहते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। उनमें दोनों तरह के गुण शामिल होते हैं। फर्स्ट लुक में अर्जुन विंटेज मेटैलिक शेड्स, घनी दाढ़ी और रॉ एक्सप्रेशन्स के साथ दिखाई दे रहे हैं। अर्जुन ने कहा, फिल्म में मेरे किरदार में थोड़ा गुस्सा और सही-गलत का मिलाजुला भाव होगा, जो दर्शकों के लिए बिलकुल नया और अनोखा होगा।

आदित्य धर ने इस कहानी को बहुत ही शानदार तरीके से पर्दे पर उतारा है, जिससे सभी कलाकार बहुत अलग और दमदार लग रहे हैं। धुरंधर फिल्म को आदित्य धर ने न सिर्फ निर्देशित किया है, बल्कि इसकी कहानी को लिखा भी है। यही नहीं, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है। धुरंधर की कहानी भारत-पाकिस्तान के आपसी संघर्ष के बीच एक सीक्रेट मिशन से प्रेरित बताई जा रही है। इसमें एक सीक्रेट मिशन के तहत पाकिस्तान के एक खूंखार आतंकी के खात्मे का तानाबाना दिखाया जाएगा। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और बी62 स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## हर्षवर्धन राणे को एक्शन करते हुई लगी चोट



हर्षवर्धन राणे को फिल्म 'सिला' की शूटिंग के दौरान चोट लगी। यह उनके एक्टिंग करियर की पहली चोट है। चोट लगने के बाद एक्टर ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की। जिसमें अक्षय कुमार, जॉन अब्राहम का जिक्र किया। हर्षवर्धन की नजर में इन एक्टर्स के लिए सम्मान अब और बढ़ चुका है। हर्षवर्धन राणे ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें वह एक बर्फ के पानी वाले ड्रम में बैठे हैं। एक्टर के कंधे पर चोट के निशाने हैं। इस वीडियो को पोस्ट करने के साथ ही एक्टर ने एक कैप्शन भी साझा किया है। वह कैप्शन में लिखते हैं, 'आज फिल्म 'सिला' के लिए एक्शन सीन शूट करते हुए मुझे चोट लगी, ये निशान पड़ गया। यह मेरे करियर में पहली चोट का निशान है।' फिल्म 'सिला' एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है।

## दीपिका ने बताया उनके लिए क्या है सेल्फ केयर का मतलब

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह मास्क लगाए नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के साथ उन्होंने सेल्फ केयर के महत्व पर एक संदेश भी लिखा। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक मिरर सेल्फी शेयर की। अभिनेत्री ने फेस मास्क लगाया हुए, और दर्पण के सामने पोज देते हुए हल्की मुस्कान बिखेरती नजर आ रही हैं। दीपिका ने मैसेज में कहा, मेरे लिए सेल्फ केयर उन छोटे-छोटे रोजमर्रा के कार्यों को अपनाने के बारे में है, जो खुशी लाते हैं। सेल्फ केयर माह के अवसर पर, दीपिका ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए कुछ पल निकालें। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए एक खास उपहार इंतजार कर रहा है। दीपिका हमेशा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जानी जाती हैं। वहीं, अब अभिनेत्री, अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की फिल्म में शामिल हो गई हैं, जिसका शीर्षक है. मेकर्स ने एक्स पोस्ट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायरेक्टर एटली और दीपिका पादुकोण सोफे पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान एटली उन्हें अपनी फिल्म की कहानी बताते हैं। वीडियो में दीपिका के कुछ मोशन कैप्चर की भी झलक है, जिसे देख अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह फिल्म में एक योद्धा का किरदार निभाएंगी, जो घोड़े पर सवार है और जिसे तलवार चलाने में महारत हासिल है।

दीपिका अपनी छोटी बच्ची दुआ की जिम्मेदारियों में भी व्यस्त हैं। अभिनेत्री और उनके पति रणवीर सिंह ने सितंबर 2024 में अपने पहले नन्हे मेहमान का स्वागत किया। अभिनेत्री ने 2012 में संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की शूटिंग के दौरान रणवीर सिंह को डेट करना शुरू किया था। उन्होंने 2018 में इटली में शादी की थी। दीपिका आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में नजर आई थीं। इस फिल्म में अजय देवगन, रणवीर, अक्षय कुमार, श्वेता तिवारी, दयानंद शेट्टी, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं।


## सन ऑफ़ सरदार 2 में पहली बार सरदार की भूमिका निभाएंगे रवि किशनः बहुप्रतिभाशाली स्टार का नया अवतार



**अभिनेता** और सांसद रवि किशन, जो अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और विभिन्न भाषाओं में शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, अब सन ऑफ़ सरदार 2 में एक बिलकुल नए अवतार में नजर आने वाले हैं। अपने करियर में पहली बार वे पगड़ी पहनकर एक सरदार की भूमिका निभा रहे हैं – एक ऐसा किरदार जो खासकर उत्तर भारत में गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक गूंज रखता है।

फिल्म के बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान रवि किशन ने अपनी इस भूमिका को लेकर उत्साह और निजी जुड़ाव साझा किया। उन्होंने कहा, आपने मुझे कई किरदारों में देखा होगा, लेकिन सरदार के रूप में पहली बार देखेंगे। हमारे बिहार और यूपी के इलाके में, खासकर गोरखपुर जहां मेरी लोकसभा सीट है, वहां बहुत बड़ी सरदारों की आबादी है। 20-25 हजार से ज्यादा लोग हैं और दर्जनों गुरुद्वारे हैं। वहां की पूरी कम्युनिटी बहुत उत्साहित है, और अब पूरा उत्तर भारत मुझे एक सरदार के रूप में देखेगा। यह नया किरदार रवि किशन के बहुआयामी करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो भोजपुरी, हिंदी, तेलुगु और दक्षिण भारतीय सिनेमा में फैला हुआ है।

गंभीर ड्रामा, एक्शन या कॉमेडी–हर भूमिका में वह गहराई और सच्चाई लाते हैं। दिलचस्प बात ये है कि यह किरदार पहले संजय दत्त के लिए लिखा गया था, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। इस बारे में बात करते हुए रवि किशन ने कहा संजू बाबा को पहले ये रोल करना था, लेकिन वो नहीं हो पाया। जब अजय सर ने मुझे ऑफर किया तो मैं वाकई बहुत टेंशन में आ गया। डर लगा कि ये कैसे होगा।



## मिसेज़ की सफलता के बाद, सान्या मल्होत्रा एक्शन-कॉमेडी फ़िल्म में निभाएंगी मुख्य भूमिका

**हाल** ही में अपनी फ़िल्म मिसेज़ के लिए सराहना बटोरने के बाद, बहुमुखी अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा अब बड़े पर्दे पर एक बिल्कुल नए अवतार में नज़र आने वाली हैं। इस बार वह एक पूरी तरह से मसालेदार एक्शन-कॉमेडी फ़िल्म में दिखाई देंगी, जो 2025 में रिलीज़ होने वाली है। आज इस फ़िल्म की आधिकारिक घोषणा की गई, जहाँ सान्या फ़िल्म की कोर टीम के साथ नज़र आईं। यह प्रोजेक्ट सान्या मल्होत्रा के करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहाँ वह हाई-कॉन्सेप्ट कमर्शियल एंटरटेनर्स की ओर तेज़ी से बढ़ रही हैं। अपनी अभिनय क्षमता और विविध किरदारों के लिए पहचानी जाने वाली सान्या का यह नया एक्शन-कॉमेडी अंदाज़ दर्शकों को हास्य, साहस और सिनेमाई प्रभाव का एक ताज़ा मिश्रण पेश करता है। अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए, सान्या ने लिखा- आप लोगों के साथ इसे शेयर करते हुए बहुत खुशी हो रही है ?? सिनेमाघरों में मिलते हैं! सान्या मल्होत्रा, जिन्होंने लगातार दमदार अभिनय किया है, चाहे वो दमदार ड्रामा हो या कमर्शियल हिट, अपनी पीढ़ी की सबसे रोमांचक प्रतिभाओं में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अब वह आगाज़ एंटरटेनमेंट के साथ एक एक्शन-कॉमेडी अवतार में कदम रख रही हैं, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और उम्मीदें दोनों बढ़ गई हैं।

## कनेडियन ओपन 2025: ओसाका ने सेमीफाइनल में बनाई जगह, टॉसन ने कीज को हराया

**मॉन्ट्रियल :** जापान की पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 और चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने मंगलवार रात कनाडियन ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने 10वीं वरीयता प्राप्त एलीना स्वितोलिना को महज 6-2, 6-2 से हराकर टूनामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को जारी रखा। सेमीफाइनल में अब ओसाका का सामना 16वीं वरीय क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने दिन के पहले क्वार्टरफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 6-1, 6-



4 से हराकर चौंका दिया। ओसाका, जो 2022 में मियामी ओपन के फाइनल के बाद पहली बार किसी डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं, 2023 में बेटी शाई के जन्म के लिए 15 महीने के ब्रेक के बाद टेनिस में लौटी हैं। वह अपने करियर का आठवां खिताब और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। इस बीच, बुधवार को खेले जाने वाले एक और सेमीफाइनल में, कनाडा की 18 वर्षीय विक्टोरिया म्बोको का मुकाबला नौवीं वरीय एलेना रायबाकिना (कजाखस्तान) से होगा। टोरंटो की रहने वाली म्बोको, जो पहली बार नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेल रही हैं, इस टूनामेंट के शानदार प्रदर्शन के चलते टॉप 50 रैंकिंग में प्रवेश करेंगी। उन्होंने टूनामेंट में टॉप सीड कोको गॉफ सहित पाँच उच्च वरीय खिलाड़ियों को हराया है। भावुक टॉसन ने जीत अपने दादा को समर्पित की क्लारा टॉसन ने अपनी जीत अपने दादा पीटर को समर्पित की। उन्होंने मैच के बाद कोर्ट पर भावुक होते हुए कहा, ₹मैं आज उनके लिए जीतना चाहती थी। उन्होंने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया।

## लीग्स कप 2025: चोट के कारण पुमास यूनाम के खिलाफ इंटर मियामी के मैच से बाहर रहेंगे लियोनेल मेसी

एजेंसी

**मियामी :** इंटर मियामी को लीग्स कप 2025 के अहम मुकाबले में बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी पुमास यूनाम के खिलाफ होने वाले ग्रुप स्टेज मुकाबले से बाहर हो गए हैं। टीम के कोच जेवियर माशेरानो ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। माशेरानो ने बताया कि मेसी को पिछले शनिवार नेकैक्सा के खिलाफ मियामी की जीत के दौरान दाहिनी जांघ के ऊपरी हिस्से में हल्की मांसपेशियों की



चोट लगी है। माशेरानो ने पत्रकारों से कहा, ₹बुरी खबर के बीच अच्छी बात ये है कि मेसी आमतौर पर काफी तेजी से चोट से उबरते हैं,लेकिन साफ है कि वो कल के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इसके बाद हम देखेंगे कि उनकी रिकवरी कैसी रहती है। मेसी इस सीजन एमएलएस में सबसे ज्यादा 18 गोल कर चुके हैं और 2023 में इंटर मियामी को लीग्स कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभा चुके हैं। इंटर मियामी को लीग्स कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए पुमास यूनाम के खिलाफ यह मुकाबला हर हाल में जीतना जरूरी है। अगर टीम नॉकआउट चरण में पहुंचती है, तो मेसी के पास वापसी के लिए लगभग दो हफ्तों का समय होगा। इंटर मियामी का अगला एमएलएस मुकाबला रविवार को ओरलैंडो के खिलाफ खेला जाएगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**सिमडेगा :** स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में चल रहे 26वें वीर शहीद थॉमस सोरेगं फुटबॉल टूनामेंट का खेल कार्यक्रम, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के कारण कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था। अब टूनामेंट का आज (बुधवार) से पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।खेल सचिव मोनू बड़ाईक ने जानकारी देते हुए बताया कि आज तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच प्रातः 11 बजे जयदुर्गा फुटबॉल क्लब, सुंदरगढ़ और सिमडेग टाइगर क्लब, सिमडेगा के बीच खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला दोपहर 1:30 बजे संत जोन्स, रांची और अल्फतेह फुटबॉल क्लब, टी टाँगर के बीच होगा। वहीं तीसरा एवं निर्णायक मुकाबला सायं 4 बजे उपरोक्त दोनों मैचों की विजेता टीमों के बीच खेला जाएगा।उन्होंने सभी टीमों, आयोजन समिति के सदस्यों और खेल प्रेमियों से समय पर स्टेडियम पहुंचने की अपील की है ताकि सभी लोग इन रोमांचक मुकाबलों का आनंद ले सकें। उन्होंने कहा कि टूनामेंट जिले के युवाओं के उत्साह का प्रतीक है और दर्शकों की भागीदारी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाएगी।

## हाथी ने घर में रखे अनाज खाया



कोरोमिया : पंचायत के अंतर्गत कदमडीह गांव के मरसेल केरकेट्टा के घर को सुबह लगभग 3:50 बजे हाथियों के द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया और घर में रखे अनाज खा गए सुचना मिलते ही विधायक नमन बिक्सल कोंगड़ी के निदेर्शानुसार कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा तत्काल सहयोग के रूप मे 25 किलो चावल उपलब्ध कराया गया साथ ही जल्द से जल्द मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिया गया मौके पर राजेश डुंगडुंग कदमडीह ग्राम प्रधान मुकुल डुंग डुंग कोरोमिया ग्राम प्रधान बेनेदिक लकड़ा करामुंडा ग्राम अध्यक्ष बसंत सुरिन कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता अनील लकड़ा उपस्थित थे।

## चक्रधरपुर के रेलवे पोस्ट ऑफिस में जान जोखिम में डाल कर कार्यों के लिए जाना पड़ता है



**संवाददाता :** चक्रधरपुर के एकमात्र महत्वपूर्ण डाकघर जो रेलवे क्षेत्र अधीन है उक्त डाकघर में कार्यों के निष्पादन हेतु जाने के लिए नाली को पार कर ऊंचाई से नीचे की ओर भी उतरना पड़ता है जिससे हमेशा जान जोखिम में बना रहता है और इसी परिस्थिति से सैंकड़ों लोगों को अपने कार्य के निष्पादन हेतु आवागमन करना पड़ता है। कभी भी होने वाली दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता किंतु फिर भी लोग अपने कार्यों के निष्पादन हेतु यहाँ आते हैं।

## जर्जर सड़क को दो पंचायतों के मुखिया ने मिलकर की मरम्मत

खलारी : पतरातू-मैकलुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर खलारी चूरी क्षेत्र में गड्ढों से भरी 300 मीटर लंबी अधूरी सड़क पिछले कई वर्षों से हजारों लोगों के लिए सिरदर्द बनी हुई थी। आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, कीचड़ और पानी से भरे गड्ढों में राहगीरों का फंसना, और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया। अंततः मंगलवार को बमने पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा और चूरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया मलका मुंडा ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से इस सड़क की अस्थायी मरम्मत कराई। उल्लेखनीय है कि यह सड़क हाईवे अथारिटी आफ झारखंड (साज) द्वारा बनाई जा रही थी। लेकिन चूरी होयर क्षेत्र में लगभग 300 मीटर और टंडवा प्रखंड के बचरा बस्ती के पास लगभग 500 मीटर हिस्सा भूमि विवाद के कारण अधूरा छोड़ दिया गया। बीते पांच वर्षों से ग्रामीण लगातार निर्माण की गुहार लगाते रहे, पर सरकार और संबंधित एजेंसियों की चुप्पी ने उन्हें निराश किया। इस वर्ष हुई भारी वर्षा ने सड़क की हालत और भी दयनीय कर दी। जगह-जगह गड्ढों में भरे पानी से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया, जिससे खलारी से बमने होते हुए रांची जाने वाले लोगों और राय, बमने व चूरी दक्षिणी पंचायत क्षेत्र से प्रखंड मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए बमने व चूरी दक्षिणी पंचायतों के मुखियाओं ने आगे आकर इसकी मरम्मती कराई। हालांकि, यह मरम्मत कार्य एक तात्कालिक राहत है। स्थानीय ग्रामीणों और प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि सड़क निर्माण का शेष कार्य अविलंब पूरा कराया जाए, ताकि जनता को स्थायी समाधान मिल सके। सहयोग करने वालों में मनोज बैठा, सोनू यादव, अमित यादव, संजय महतो, कृष्ण कुमार, तारकेश्वर यादव सहित कई स्थानीय युवा शामिल हैं।

## शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

**बेड़ो :** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई. शिबू सोरेन का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली के अस्पताल में निधन हो गया था. उनके सम्मान में स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं. इस मौके पर स्कूल के मैनेजर श्रवण कुमार ने शिबू सोरेन के योगदान को याद किया.उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने झारखंड को अलग राज्य बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. वह हमेशा गरीब, आदिवासी और मूलवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहे.उन्होंने विनोद बिहारी महतो के साथ मिलकर जेएमएम पार्टी की स्थापना की थी. मौके पर स्कुल के शिक्षक, शिक्षिका व कर्मी उपस्थित थे।

# दिशोम गुरु को नम आंखों से दी गयी श्रद्धांजलि

संवाददाता

**गुमला :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी गयी, श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि, गुमला जिला मुख्यालय सहित पूरे गुमला जिले के अनुमंडल गुमला, बसिया, चैनपुर के समस्त प्रखण्ड, क्रमशः गुमला, सिसई, भरनो, बसिया, कामडारा, घाघरा, बिशुनपुर, रायडीह, चैनपुर, डुमरी, परमवीर अल्बर्ट एक्का जारी,के विभिन्न, ग्रामों और कसबों में झामुमो नेताओं ने दिशोम गुरु जी शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए, उपस्थित नेताओं ने अपने अपने बिचार व्यक्त करते हुए, कहाकि झारखण्ड के बिभूति दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधान झारखंड की अपूर्णीय क्षति हैं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई लोग गुरु जी के आवास नेमरा ग्राम जाकर उनके पथिक शरीर पर फूलों का गुलदस्ता पेश करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि इस धरती में जो आया है उसे एक न एक दिन जाना है



परंतु कुछ ऐसे व्यक्ति को भी ईश्वर दुनिया में भेजते हैं जो सिर्फ अपने निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि आमनागरिको के लिए अपना पूरा जीवित बलिदान कर देते हैं और उनके दिलों में अन्य लोगो के लिए करुणा प्यार स्नेह भरपूर मात्रा में होता है और वह अपने व्दारा किए गए कार्यो से अपने ही जीवन काल में कुछ इस तरह का कार्य कर बैठते हैं जिन्हें सदियों याद किया जाता हैं , शिबू सोरेन झारखंड के एक अनमोल रत्न थे, जिन्होंने अपने झारखण्ड के जंगलों में रहकर झारखंड के लिए लड़ाई लड़ी उनकी सादगी भरी जिंदगी आज लाखों झारखंडियों के दिलों में प्रवाहित हो चुकी है उनके दूरदर्शिता और संघर्ष से हमें झारखंड मिला है, ऐसे में हम सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि उनके पद चिन्हों पर चलकर झारखंड को स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सपनों का झारखंड बनाना है,उसके लिए झारखंड के बसने वाले हिंदू ,मुस्लिम,सिख,इसाई और आदिवासी सभी को एक सूत्र में बांधकर झारखंड के लिए कार्य करना होगा तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी, उक्त नेताओं ने कहा कि इस दुख की बेला में हम सभी अपने राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के साथ है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन को आदिवासी रीति रिवाज से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई



संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित सरना पूजा स्थल पालकोट रोड गुमला में आदिवासी समाज के द्वारा झारखंड आंदोलन के अग्रदूत दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन जी के तस्वीर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया, इस निमित्त आना-आदि प्रार्थना व आदिवासी रीति रिवाज से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा में गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए विश्व आदिवासी आयोजन समिति के अध्यक्ष नेल्सन भगत ने कहा कि झारखंड निर्माण आंदोलन के अग्रदूत दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन का हमारे बीच से जाना अपूरणीय क्षति है, आज झारखंड की अंतर आत्मा कुहक-कुहक कर रो रही है' शिबू सोरेन जी एक विचारधारा थे उनकी विचारधाराओं को आत्मसात कर चलने की जरूरत है। शिबू सोरेन देह केवल त्यागे हैं। उनकी विचारधाराओं को लेकर हम तमाम आदिवासी लोग आत्मसात कर चलेंगे और उनके अधूरे सपने को साकार करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

वहीं विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन समिति के सह - सचिव नरेश उरांव ने शोक सभा में नम आँखों से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक युग का अंत हो गया है हमलोगों ने एक कुशल राजनेता ही नहीं एक अभिभावक भी खोया है'

इसी शोक सभा में विश्व आदिवासी दिवस के उपाध्यक्ष विमलचन्द्र बड़ाईक ने कहा कि आज झारखंड की हवा शांत है, जंगल सिसक रहा है, नदियां पहाड़ मौन है और हमारी आत्मा रो रही है, भूमिपुत्र फूट-फूटकर कर रो रहा है, झारखंड अंतरात्मा पूरी तरह से शोक में डूबी हुई है, सारा झारखंड विरान हो गया है हम आदिवासियों को कैसे संभालें गुरु जी के बिना सब कुछ अधूरा लग रहा है, मन व्याकुल और बेचैन हैं

इस शोक सभा में संरक्षक जीतेश मिंज, महावीर उरांव,सोनो मिंज, बुधवा उरांव, शांति देवी, ने भी गहरा संवेदना व्यक्त किए '

इस शोक सभा में योगी उरांव, रामचंद्र उरांव, सोमनाथ उरांव, सुनिता उरांव, गीता उरांव एवं गुमला मुख्यालय के सभी आदिवासी छात्रावास के छात्र प्रमुख मौजूद थे।

# 24 घंटे बाद बंद खदान से बाहर निकाली गई गाय

**खलारी :** करकट्टा विश्रामपुर कालोनी से सटे केडीएच खदान के बंद हिस्से के गहरे गड्ढे में गिरी गाय को करीब 24 घंटे तक चले जोखिम भरे रेस्क्यू आपरेशन के बाद मंगलवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस रेस्क्यू में सीसीएल के अधिकारी, स्थानीय मुखिया और सीसीएल बचाव दल की अहम भूमिका रही। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार को बंद खदान क्षेत्र में हरियाली देख चारा खाने गई गाय खदान के गहरी दरार में जा गिरी। खदान के कुछ हिस्सों में अभी भी आग दहक रही है, जिससे यह इलाका बेहद खतरनाक बना हुआ है। शाम को जब लोगों को इस हादसे की जानकारी मिली, तो तुरंत केडीएच परियोजना पदाधिकारी अनिलकुमार सिंह, रोहिणी पीओ दीपक कुमार, स्थानीय मुखिया दीपमाला कुमारी सहित सीसीएल और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि रात में क्रेन उपलब्ध नहीं होने के कारण बचाव कार्य शुरू नहीं किया जा सका। मंगलवार सुबह होते ही सीसीएल अधिकारी भारी मशीनों और बचाव दल के साथ मौके पर पहुंच गए। बचाव दल का एक कर्मी क्रेन की मदद से रस्सी-बेल्ट के सहारे नीचे उतरा और उसने खुद को और गाय को सावधानीपूर्वक बांधकर ऊपर खींचने का इशारा किया। कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गाय जख्मी अवस्था में थी और काफी घबराई हुई थी। जिसके कारण वह रस्सी-बेल्ट से खुलते ही कई लोगों को धक्का देती हुई जंगल की ओर भाग गई। जबकि वहां पशु चिकित्सक को भी बुलाया गया था। गाय के भाग जाने से इलाज नहीं हो सका है। सीसीएल की इस संवेदनशील पहल की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। वहीं इस घटना ने एक बार फिर बंद खदानों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और सीसीएल से मांग की है कि बंद पड़ी खदानों की मजबूत घेराबंदी की जाए, ताकि भविष्य में कोई मवेशी या इंसान हादसे का शिकार न हो।

## दो अपराधी गिरफ्तार, देसी कट्टा व गोली बरामद

**रांची :** बेड़ो पुलिस ने रांची एसएसपी के निर्देश पर पुरनापानी जंगल में छापेमारी कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से दो देशी कट्टा, जिंदा कारतूस, लूटी गई स्कूटी एवं चोरी की 5 मोटरसाइकिल बरामद की है।

मामले में थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि ग्रामीण एसपी, डीएसपी बेड़ो के नेतृत्व में बेड़ो, लापुंग, इटकी व नरकोपी थाना के प्रभारी एवं सशस्त्र बल की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। पकड़े गये अपराधियों की पहचान धीरज उरांव उर्फ रदाम और दिलीप सिंह के रूप में हुई है। वहीं गिरफ्तार अपराधियों से लापुंग,बेड़ो, सुखदेवनगर व पिठोरिया थाना क्षेत्र में लूट व चोरी के 5 मोटरसाइकिल व एक स्कूटी अलग अलग जगहों से बरामद किया गया है। घटना में प्रयुक्त दो देशी कट्टा व दो जिंदा गोली बरामद हुई है। वहीं एक अपराधी फरार है जबकि एक अरुण उरांव उर्फ लैला लोहदगा पुलिस के गिरफ्त में है। पुलिस ने दोनों आरोपी को न्यायिक हिरास्त में भेज दिया है।

## ओडिशा ग्रामीण बैंक लूटकांड के दो आरोपी खलारी से गिरफ्तार

**खलारी :** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के रेंगाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ओडिशा ग्रामीण बैंक में 21 जुलाई 2025 को हुए दिनदहाड़े लूटकांड के दो मुख्य आरोपियों को खलारी से गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को ओडिशा पुलिस ने खलारी थाना की मदद से न्यू जेहलीटांड़ से इन दोनों आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तारी के बाद दोनों को ओडिशा पुलिस अपने साथ ले गई। खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि ओडिशा पुलिस को लूटकांड में शामिल न्यू जेहलीटांड़ नयाधौड़ा के दो स्थानीय युवकों की तलाश थी। इनमें इसराफिल आलम, पिता स्व. सरफुद्दीन अंसारी और हसन अंसारी (35 वर्ष), पिता स्व. कुर्बान अंसारी शामिल हैं। खुफिया सूचना के आधार पर इनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई और दोनों को सोमवार को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान ओडिशा पुलिस को लूटकांड से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं।

# गुमला जिला में हर घर तिरंगा अभियान

संवाददाता

**गुमल :** गुमला जिला में हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त गुमला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल के अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई ! कार्यशाला में मुख्य रूप से अभियान के जिला प्रभारी गणेश मिश्रा उपस्थित थे , उन्होंने ने कहा आज हर घर तिरंगा अभियान सिर्फ अभियान नहीं देशवासियों की ह्रदय में स्थान बन चुका है, लोग बड़े शान और सम्मान के साथ अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाते हैं और देश के प्रति अपनी राष्ट्र प्रेम को एक दूसरे के साथ मिलकर साझा करते हैं! उन्होंने कहा यह अभियान पूरे प्रदेश में 10 से 15 अगस्त तक चलेगा , हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारे देश की सेना का पराक्रम पूरे विश्व ने देख चूका हैं और आज पूरा देश देशभक्ति की भावना से ओत प्रोत है ! जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने कहा आगामी 13 अगस्त को गुमला जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी



जिसमें शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं और शिक्षण संस्थाओं से सहभागिता हेतु आग्रह किया गया हैं, कार्यशाला में सभी मंडलों से आए हुए मंडल अध्यक्ष एवं अभियान के संयोजक और सह - संयोजक शामिल हुए ! बैठक का संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने किया, बैठक की समाप्ति के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन और चैनपुर प्रखंड के भाजपा नेता और सांसद के पूर्व प्रतिनिधि नीरज शर्मा के पिताजी स्वर्गीय रामानुज शर्मा के दिवंगत आत्मा के लिए 2 मिनट का मौन रख सभा को समाप्त किया गया! मौके पर डॉ दिनेश ऊँराव, मुनेश्वर साहू, निर्मल गोयल, सुरेश सिंह, भूपन साहू ,सागर उरांव, भैरव सिंह खरवार ,राधेश्याम कुशवाहा ,विजय सिंह ,बबलू वर्मा, बल्केश्वर सिंह ,भिखारी भगत विकास कुमार सिंह ,संतोष देवघरिया, प्रकाश नारायण, कर्मपाल सिंह, अशोक साहू, किशोर मिश्रा, हरमीत सिंह, लक्ष्मी बडाईक,बड़ाईक नवीन सिंह, जगेश्वर सिंह, योगेन्द्र सिंह,सत्यनारायण पटेल, छोटेलाल ताम्रकार ,हरिशंकर त्रिपाठी,गुड्डी नंदा, सुमित महली, पप्पू गुप्ता, लाल ज्योतिष, जगत ठाकुर ,अभिषेक रंजन सिंह, मनोज तिवारी, हरिनारायण महतो सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे !

# पानी की किल्लत को लेकर डिमना बस्ती के लोगों का प्रदर्शन

## निगम पर अनदेखी का आरोप

संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो नगर निगम क्षेत्र के डिमना बस्ती ऊपर टोला में भीषण जलसंकट से परेशान लोगों ने बुधवार को निगम कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस नेता दिनेश लोहारा ने किया।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत है और निगम की ओर से टैंकर से भी जलापूर्ति नहीं की जा रही है। स्थिति यह है कि 500 से अधिक घरों के लोग रोजाना पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। महिलाओं और बच्चों को कई किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ता है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।लोगों का आरोप है कि दो महीने पहले भी ऐसी ही स्थिति उत्पन्न हुई थी, लेकिन तब भी नगर निगम के अधिकारियों ने कोई स्थायी समाधान नहीं किया।

बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे नाराज होकर उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं, नगर निगम के अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और समस्या के स्थायी समाधान पर विचार किया जा रहा है।

